

ऑरेंज कैप टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचे कोहली
10

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 43.3°C
न्यूनतम तापमान 29.5°C
सूर्योदय - 5.29 | सूर्यास्त - 6.44



वैश्विक संकट को लेकर प्रधानमंत्री का 4



नेहा और अंगद के सेलिब्रिटी चैट शो डबल डेट में 7



सेवानिवृत जिला न्यायाधीश केके वर्मा 9

# यूपी में 80 किमी प्रति घंटे की आंधी में उड़ गया शख्स

## आंधी-तूफान से 104 लोगों की मौत, मप्र भी हीटवेव की चपेट में

नई दिल्ली/भोपाल

देश में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या समेत 30 जिलों में आंधी-तूफान के कारण 104 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं। यहां 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली, आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि भमोरा इलाके में टिनशेड के साथ एक शख्स हवा में उड़ गया। वह करीब 80 फीट दूर खेत में जा गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। थाना पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। राज्य के बांदा शहर में तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आज 51 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में



भी तेज गर्मी और हीटवेव का असर है। राज्य का जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 46.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में तेज गर्मी का रेड अलर्ट है। 13 जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। वहीं, मध्य प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में हीटवेव चल रही है, जो 18 मई तक जारी रह सकती है। बुधवार को खजुराहो में तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आज इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है। इन जिलों में वार्म नाइट का भी अलर्ट है। इधर, हरियाणा के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 1.1 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी हुई। राज्य के 5 शहरों में 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा, इनमें नारनौल 42.5 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य में 17 मई से हीटवेव का यलो अलर्ट है। बिहार के पूर्णिया-कटिहार समेत 7 जिलों में आज तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट है।

## ट्रांसफॉर्मरों के लिए लगाए कूलर

मध्यप्रदेश में रिकॉर्ड गर्मी का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार को इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में तीव्र लू का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, अशोक नगर, विदिशा, सागर, छिंदवाड़ा और सिवनी जिले में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की गई है। यहां आकाशीय बिजली गिरने या चमकने की भी संभावना है। इंदौर, उज्जैन-धार में वॉर्म नाइट की चेतावनी है। इस दौरान गर्म हवाएं चलेंगी। झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, देवास, सीहोर, शाजापुर, आगर-मालवा और राजगढ़ में भी लू चलेगी। मंदसौर में तेज गर्मी और बढ़ते बिजली लोड के कारण ट्रांसफॉर्मरों पर दबाव बढ़ गया है। हालात ऐसे हैं कि बिजली सप्लाई सुचारू रखने के लिए बड़े ट्रांसफॉर्मरों को कूलर लगाकर ठंडा रखना पड़ रहा है।



### पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 की मौत

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंक कलां इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ। हादसे में धीरज, सनी और सुमित नाम के 3 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। ब्लास्ट इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। विस्फोट में फैक्ट्री की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया। वहीं, पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है।

### चारधाम यात्रा: 25 दिनों में 40 श्रद्धालुओं की मौत

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार रिकॉर्ड बना रही है। 19 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा में 13 मई तक 12 लाख 64 हजार 217 श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। लेकिन दूसरी ओर यात्रा के दौरान मौतों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की 14 मई सुबह 10 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार अब तक चारधाम यात्रा में 40 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा 22 मौतें केदारनाथ धाम में दर्ज की गई हैं। वहीं बद्रीनाथ में 7, यमुनोत्री में 6 और गंगोत्री में 5 श्रद्धालुओं की जान गई है। सरकार लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और मेडिकल तैयारियों का दावा कर रही है, लेकिन लगातार बढ़ते मौत के आंकड़े यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य चुनौतियों और हाई एल्टीट्यूड से जुड़ी परेशानियों की गंभीरता भी दिखा रहे हैं।

# 10 दिन चला मंथन...तब मिले सतीशन

## कांग्रेस ने किया ऐलान: 18 मई को लेंगे केरलम के मुख्यमंत्री पद की शपथ

तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस नेता वीडी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन परावूर सीट से विधायक हैं। घोषणा के बाद सतीशन गुरुवार को केरलम के गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया। वे 18 मई को केरलम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम ष्टरूवीडी सतीशन होंगे। नाम के ऐलान होने का बाद सतीशन ने कहा- मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं। मैं वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला समेत सभी नेताओं को अपने विश्वास में लूंगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में वीडी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला का नाम चल रहा था। रिजल्ट के बाद केरलम कांग्रेस अलग-अलग




गुटों में बंटी रही। एक धड़ा सतीशन के समर्थन में था, जिन्हें नई पीढ़ी और आक्रामक विपक्षी चेहरा माना जाता है। दूसरा धड़ा वेणुगोपाल और चेन्निथला के पक्ष में था। दावा किया जा रहा था कि ज्यादातर विधायक वेणुगोपाल के समर्थन में थे। वेणुगोपाल को केंद्रीय नेतृत्व का करीबी नेता माना जाता है, जबकि सतीशन का मजबूत जनाधार था। वेणुगोपाल को सीएम न बनाने के लिए पोस्टर भी लगाए गए थे। कांग्रेस समर्थकों ने सतीशन के सीएम बनाने के समर्थन में वायनाड में पोस्टर लगाए गए थे। इनमें लिखा था- राहुल और प्रियंका वायनाड को भूल जाओ, यहां फिर नहीं जीतोगे। वायनाड अगला अमेठी होगा। समर्थकों ने हाईकमान को चेताया है कि केसी वेणुगोपाल को मुख्यमंत्री बनाया, तो ठीक नहीं होगा।

### नेताओं ने दी प्रतिक्रिया

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने स्थिति और फैसला लेने की प्रक्रिया पर चर्चा की। मैं विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने मुझे इतना समर्थन दिया।

**कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल**

हाईकमान ने सही फैसला लिया है। केरल के लोगों की भावना-इच्छा को स्वीकार किया। केरल के विपक्ष के नेता के तौर पर वीडी सतीशन ने 10 साल पुराने एलडीएफ शासन के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ी।

**कांग्रेस सांसद हिबी ईडन**

हाईकमान ने सभी पक्षों की राय सुनी और इस पूरी प्रक्रिया में राहुल सीधे तौर पर शामिल थे। चुनाव के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाई गई थी। जब कई नाम सामने हों तो नेता चुनने को लेकर भ्रम की स्थिति बनती है।

**कांग्रेस विधायक राधाकृष्णन**

### मप्र में कांग्रेस संगठन की खुद समीक्षा करेंगे राहुल गांधी



मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में भले ही ढ़ाई साल का वक्त बाकी हो लेकिन, कांग्रेस अब चुनाव में मजबूती से उतरने के लिए संगठन तैयार करने पर फोकस कर रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खुद एमपी में संगठन की समीक्षा करेंगे। अगले महीने उज्जैन और रीवा संभाग में राहुल गांधी खुद अब तक के कामों और संगठन की समीक्षा करेंगे। अगले महीने जून में मध्यप्रदेश के संगठन सृजन अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। पिछले साल 3 जून को भोपाल के रवीन्द्र भवन से राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ किया था। मध्यप्रदेश संगठन में की गई नियुक्तियों के बाद अब राहुल गांधी संभागवार समीक्षा में किसी भी स्तर के पदाधिकारी से सवाल-जवाब कर सकते हैं। राहुल समीक्षा के दौरान किसी भी बूथ समिति, पंचायत, वार्ड समिति में शामिल सदस्य से मोबाइल पर बात करके भी वेरिफिकेशन और अब तक किए गए कामों के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

### राहुल गांधी मानहानि केस की सुनवाई

## हाईकोर्ट ने तलब किया भोपाल एमपी-एमएलए कोर्ट का रिकॉर्ड

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में गुरुवार को एक बार फिर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने भोपाल एमपी-एमएलए कोर्ट का रिकॉर्ड तलब किया है। साथ ही राहुल गांधी के वकीलों को रिकॉर्ड पेश करने के लिए भी समय दिया है। अब मामले की अगली सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 16 या 17 जून को होगी। पिछली सुनवाई दो दिन पहले हुई थी, उसमें



कर्तिकेय सिंह चौहान ने जवाब देने के लिए समय मांगा था, जिसे कोर्ट ने मंजूर किया था। इससे पहले हुई सुनवाई में दोनों पक्षों राहुल गांधी और कार्तिकेय चौहान के वकीलों ने अपना-अपना पक्ष रखा था। दरअसल, भोपाल की विशेष अदालत में चल रहे मानहानि प्रकरण को मप्र हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ में चुनौती दी गई है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान के द्वारा दायर मानहानि परिवाद से जुड़ा है। एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट ने राहुल गांधी को समन जारी किया था। इसी समन और परिवाद को निरस्त कराने के लिए राहुल गांधी ने बीते दिनों मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और अजय गुप्ता ने पक्ष रखा था। कोर्ट को बताया गया कि परिवाद पूरी तरह निराधार हैं और लगाए गए आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। कार्तिकेय सिंह चौहान की और से कहा गया कि साल 2018 में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राहुल गांधी ने झाबुआ की चुनावी सभा में भाषण दिया था।

### किसान मोर्चा के नए अध्यक्ष ने वाहन रैली निकाली, नियुक्ति रद्द



**ग्वालियर।** भिंड के भाजपा नेता सज्जन सिंह यादव को 100 से अधिक लग्जरी वाहनों के साथ शहर में प्रवेश करना भारी पड़ गया। नियुक्ति के 18 दिन में ही भाजपा ने उन्हें भिंड जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। वे अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद बुधवार शाम को शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने यह कार्रवाई की है। इस मामले में देश में यह पहली कार्रवाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह दिन में दो बार ईंधन बचाने की अपील कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने अपने काफिले से वाहन कम कर दिए। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्रियों ने भी काफिले से वाहन कम कर दिए। इसके बाद भी सज्जन सिंह यादव अध्यक्ष बनने के बाद शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे।

## लू से होने वाली मृत्यु दर शून्य तक लाने की दिशा में कार्य कर रही सरकार: शाह

नई दिल्ली (वार्ता)

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण को 'मिनिमम कैजुअल्टी' से 'जीरो कैजुअल्टी' तक लाने के साथ-साथ लू (हीट वेव) से होने वाली मृत्यु दर को शून्य तक लाने की दिशा में कार्य कर रही है। शाह ने गुरुवार को गाजियाबाद में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को 'प्रेसिडेंट्स कलर' प्रदान किए जाने के समारोह में यह बात कही। आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में बल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि एनडीआरएफ ने अब तक डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान बचाई है और नौ लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा हो या भीषण हादसा, बल ने हर चुनौती में अपनी दक्षता साबित की है। उन्होंने एनडीआरएफ को मिले 'प्रेसिडेंट्स कलर' को बल के सेवा, साहस, शौर्य और समर्पण का राष्ट्रीय सम्मान बताया। शाह ने कहा कि यह सम्मान केवल एनडीआरएफ की सेवाओं की मान्यता नहीं, बल्कि देशभर में आपदा प्रबंधन से जुड़े पूरे तंत्र के सामूहिक योगदान का सम्मान है। एनडीआरएफ ने बीते 20 वर्षों में अपने साहस, सेवा और त्वरित कार्रवाई से 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास अर्जित किया है। गृह मंत्री ने कहा कि देश ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में



राहत-आधारित व्यवस्था से आगे बढ़कर रोकथाम और तैयारी आधारित मॉडल अपनाया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार अब 'जीरो कैजुअल्टी' यानी आपदाओं में शून्य जनहानि के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मौसम पूर्वानुमान और शुरुआती चेतावनी प्रणालियों को मजबूत कर जन-धन के नुकसान को न्यूनतम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार लू यानी हीट वेव से होने वाली मृत्यु दर को शून्य तक लाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ ने भारत को वैश्विक स्तर पर आपदा प्रबंधन में अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी आधारित आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 'आपदा मित्र' कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्राम पंचायत से लेकर केन्द्र सरकार तक सभी संस्थाएं अब एकीकृत तरीके से काम कर रही हैं, जिससे आपदा प्रबंधन केवल एक सिस्टम नहीं बल्कि एक व्यापक इकोसिस्टम बन चुका है।

### सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सवाल

## जब सरकार को ही फैसला लेना है, तो फिर कमेटी में नेताप्रतिपक्ष रखने का दिखावा क्यों

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा- अगर सरकार को ही फैसला करना है तो सिलेक्शन कमेटी में नेता विपक्ष को रखकर स्वतंत्रता का दिखावा करने की जरूरत क्या है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर की सिलेक्शन कमेटी में भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं, लेकिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली समिति में कोई स्वतंत्र सदस्य नहीं रखा गया है। कोर्ट 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023' को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस कानून के मुताबिक, सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, लोकसभा में



विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय मंत्री वाली समिति करेगी। पहले सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम व्यवस्था में इसमें भारत के सीजेआई को भी शामिल किया था। याचिकाओं में कहा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा 2023 का कानून चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को कमजोर करता है। इसमें चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया है। दरअसल, 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने 'अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ' मामले में कहा था कि जब तक संसद नया कानून नहीं बनाती, तब तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजेआई की समिति करेगी। बाद में केंद्र सरकार नया कानून लेकर आई, जिसमें सीजेआई को समिति से बाहर कर दिया गया। इसी कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

### नेता विपक्ष दिखावटी हो जाते हैं

कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से पूछा, अगर प्रधानमंत्री एक नाम चुनते हैं और विपक्ष का नेता दूसरा नाम चुनता है, और दोनों में मतभेद होता है, तो क्या तीसरा सदस्य विपक्ष के नेता के पक्ष में जाएगा? इस पर अटॉर्नी जनरल ने माना कि शायद ऐसा नहीं होगा। इस पर कोर्ट ने कहा- तो फिर सब कुछ कार्यपालिका ही कंट्रोल कर रही है। ऐसे में विपक्ष के नेता को शामिल ही क्यों करते हैं? वे सिर्फ दिखावटी हो जाते हैं।

# ई टोकन से उर्वरक वितरण की प्राथमिकता

## जैविक खेती और प्राकृतिक खेती से मृदा स्वास्थ्य सुधार आवश्यकक : जेएस पेंद्राम

शहडोल (स्वतंत्रमत)





केंद्रीय सहकारी बैंक सभागार में 13 अप्रैल को जिला सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस के यादव रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक कृषि कल्याण संभाग तथा प्रभारी व मुख्य वैज्ञानिक मृगेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम में एम ल कुशरे जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड, सहायक संचालक कृषि गोपाल पाटीदार, विपणन अधिकारी जिला सहकारी बैंक शिव प्रसाद चौधरी, सचिन सोनी, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र ब्रज किशोर प्रजापति, जे सी यूके प्रबंधक बैंक प्रशासन तथा के सभी शाखा प्रबंधक समिति प्रबंधक उपस्थित रहे। इफको क्षेत्र प्रबंधक राजेश मौर्य ने वर्तमान समय मैं वैश्विक परिस्थिती और उर्वरक उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था पर जानकारी दी। कृषकों को खेत की मृदा की उर्वरकता और स्वस्थ सुधार हेतु जैव उर्वरक, सागरिका, बायो डी कंपोजर के उपयोग और फायदे के बारे मैं चर्चा की गई। कृषकों को दानेदार उर्वरक यूरिया और दानेदार डीएपी के उपयोग को कम करने तथा संतुलित उर्वरक उपयोग तथा नैनो उर्वरकों के उपयोग की जागरूकता को बढ़ाए जाने की बात कही मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक कृषि कल्याण जे एस पेंड्रम सभी समितियों को ई टोकन के माध्यम से कृषकों शत प्रतिशत वितरण और पोस मशीन से एक समान उर्वरक वितरण करना आवश्यक है, कृषकों को फॉर्मर आई डी तथा ई टोकन बनाने हेतु कृषकों को जागरूक करने की बात कही।। दानेदार उर्वरक के उपयोग को कम कर जैव उर्वरक तथा यूरिया उर्वरक के प्रयोग को कम कर, कृषकों को छिड़काव वाले खाद नैनो यूरिया, जल विलेय उर्वरक एन पी के 19 -19-19 का छिड़काव करने की सलाह दी। मुख्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र मृगेंद्र सिंह ने मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने हेतू संतुलित उर्वरक पोषक तत्वों के उपयोग की सलाह दी। बायो डी कंपोजर से फसल अवशेष को सडाकर खाद, गोबर की खाद को अच्छी खाद बनाकर कर मृदा शक्ति को मजबूत करने की बात कही। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस के यादव ने सहकारी समितियों को शासन के दिशा निर्देशों को पालन करते हुए, सदस्यों की संख्या बढाने, कृषकों के हित मैं व्यवसाय वृद्धि और कृषकों को सभी प्रकार से सहायता करने से सहकार से समृद्धि मैं समितियों की महत्व पूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। कृषकों को जैविक खाद सागरिका नैनो उर्वरकों यूरिया नैनो डीएपी की उपलब्धता तथा कृषकों को सही तरीके से उपयोग करने की सलाह दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के फार्म पर नैनो उर्वरक जैव उर्वरक अन्य उर्वरक प्रदर्शन लगाने हेतु दिया गया। कार्यक्रम का संचालन इफको क्षेत्र प्रबंधक राजेश कुमार मौर्य ने किया।

# नीट परीक्षा में पेपर लीक की निष्पक्ष जाँच एवं कार्रवाई की मांग को लेकर एनएसयूआई ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



शहडोल (स्वतंत्रमत)

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर नीट परीक्षा 2026 में हुए कथित पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जाँच की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि नीट परीक्षा 2026 में लगभग 600 अंकों के प्रश्न वायरल हुए पेपर से हुबहू मेल खाते पाए गए हैं, यहाँ तक कि प्रश्नों के विकल्पों का क्रम भी समान बताया जा रहा है। एनएसयूआई ने इसे देशभर के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ गंभीर अन्याय बताते हुए निष्पक्ष जाँच की आवश्यकता पर जोर दिया। एनएसयूआई ने मांग की कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। साथ ही संगठन ने प्रभावित विद्यार्थियों के हित में न्यायसंगत निर्णय लेते हुए पुन: परीक्षा अथवा अन्य उचित समाधान की मांग भी की। ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा गया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु परीक्षा प्रणाली में सख्त सुधार किए जाएँ एवं सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आगे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष, आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष सिमरन कौर, दीपांशु गुप्ता, शिवांशु साहू, महेंद्र यादव, अमन तिवारी, ओम साहू,ऋषभ दुबे, सुमित सिंह सेंगर, हर्षित सिंह बघेल, हर्षित श्रीवास्तव, दीपक, सुमित, कृतेन्द्र सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी, 7 आत्मा योजना में मिलेगा 50 हजार तक का पुरस्कार

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं अन्य कृषि संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों से विभिन्न स्तरों के कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत जिला स्तरीय सर्वोत्कृष्ट कृषक पुरस्कार के लिए जिले से 10 कृषकों का चयन किया जाएगा। चयनित कृषकों को 25-25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं विकासखण्ड स्तरीय पुरस्कार अंतर्गत प्रत्येक विकासखण्ड से 5 कृषकों का चयन कर 10-10 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसके अलावा राज्य स्तरीय सर्वोत्कृष्ट कृषक पुरस्कार हेतु चयनित कृषकों को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

विभागीय जानकारी के अनुसार आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप संबंधित विकासखण्ड कार्यालय के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा जिला कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक प्रमाणित दस्तावेजों सहित विकासखण्ड कार्यालय के माध्यम से जिला कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है।

कृषकों के चयन के लिए न्यूनतम 50 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। आवेदनकर्ताओं को मुख्य फसलों की विगत पांच वर्षों की उत्पादकता का विवरण प्रस्तुत करना होगा। मिट्टी परीक्षण कर स्वाइल हेल्थ कार्ड प्राप्त करने पर 1 अंक तथा स्वाइल हेल्थ कार्ड की अनुशंसा के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने पर 2 अंक दिए जाएंगे। साथ ही एमपी किसान पोर्टल में पंजीयन भी अनिवार्य रहेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पूर्व में विकासखण्ड, जिला अथवा राज्य स्तरीय सर्वोत्कृष्ट कृषक पुरस्कार प्राप्त कर चुके कृषकों की प्रविष्टि आगामी तीन वर्षों तक चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं की जाएगी। यह पुरस्कार उन कृषकों को दिया जाएगा जो उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाते हों, नवाचार कार्य करते हों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, भूमि एवं जल संरक्षण तथा कृषि विपणन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हों और अन्य किसानों को प्रेरित कर रहे हों। प्राप्त आवेदनों में से पात्र कृषकों का चयन शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से किया जाएगा। समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। विभाग ने जिले के कृषकों से निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# कलयुगी बेटे का रौद्र रूप : ससुराल पक्ष के साथ मिलकर माता-पिता और छोटे भाई को किया लहूलुहान

## जन्म देने वाली मां का मंगलसूत्र तोड़ा, न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

शहडोल (स्वतंत्रमत)




जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केरहा से एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने कथित रूप से अपने ससुराल पक्ष के साथ मिलकर अपने ही माता-पिता, छोटे भाई और बहू के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में मां का सोने का लॉकेट और मंगलसूत्र भी टूट गया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि थाना स्तर पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस के पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

**टटिया लगाने के दौरान शुरू हुआ विवाद**-पीड़िता प्रेमवती पटेल (52 वर्ष), पत्नी प्रेमलाल पटेल, ने शिकायत में बताया कि 13 मई 2026 की सुबह करीब 9 बजे वह घर का लकड़ी का टटिया (दरवाजा) लगा रही थीं। इसी दौरान उनका बड़ा बेटा संजीत पटेल शराब के नशे में आया और टटिया को जोर से पटक दिया। जब मां ने उसे ऐसा करने से रोका, तो वह गाली-गलौज करने लगा और धक्का दे दिया।

### बहू ने पकड़ा, मां का सोने का लॉकेट टूटा

प्रेमवती के अनुसार, इसी बीच बड़ी बहू पुष्पा पटेल भी आ गई और उनसे हाथापाई करने लगी। धक्का-मुक्की के दौरान उनका सोने का लॉकेट और मंगलसूत्र टूटकर गिर गया। शोर सुनकर पति प्रेमलाल पटेल बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन संजीत ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी।

### ससुराल पक्ष ने किया हमला

परिजनों का आरोप है कि समझाइश के लिए बुलाए गए ससुराल पक्ष के लोगकृलोके पटेल, अनुराग पटेल, निशा पटेल और गुडिया पटेलकृने भी हमला कर दिया। निशा पटेल ने ईंट मारकर प्रेमलाल पटेल के माथे पर चोट पहुंचाई। अनुराग पटेल ने ईंट से चेहरे पर वार किया, जबकि गुडिया पटेल ने डंडे से कमर पर प्रहार किया।

**छोटे भाई और बहू को भी नहीं बख्शा**-घटना की सूचना मिलने पर छोटा बेटा सुजीत पटेल मौके पर पहुंचा। जब उसने पिता से मारपीट के बारे में पूछा, तो आरोपियों ने उसके साथ भी हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी सपना पटेल को भी कथित रूप से पीटा गया।

### पुलिस पर गंभीर आरोप

पीड़ित परिवार का आरोप है कि सिंहपुर थाना में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने घटना की गंभीरता के अनुरूप धाराएं नहीं लगाईं और अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई। इस संबंध में परिवार ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# एसडीएम ने गेंहू उपार्जन केंद्र गोरतरा एवं जमुई का किया निरीक्षण



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग ने जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत संचालित गेंहू उपार्जन केंद्र गोरतरा एवं जमुई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही किसानों से गेंहू खरीदी सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में आने वाले किसानों के लिए छायादार बैठक व्यवस्था, पेयजल, तौल कांटे एवं बारदाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग ने उपार्जन केंद्र में आए गेंहू की गुणवत्ता का भी परीक्षण किया।

# आयुष्मान भुगतान : जांच में गंभीर अनियमितताएं उजागर कलेक्टर ने डॉक्टर पर कार्रवाई के लिए भेजा पत्र

## जांच रिपोर्ट में खुलीं आयुष्मान भुगतान की परतें, कलेक्टर ने भेजा कार्रवाई पत्र

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

विकासखंड शहपुरा के खंड स्तरीय चिकित्सालय में आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत प्रोत्साहन राशि वितरण में अनियमितताओं की शिकायत को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए जांच कराई। जांच में वित्तीय अनियमितताओं एवं प्रशासनिक लापरवाही के संकेत मिलने पर कलेक्टर ने संबंधित डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा है। जानकारी के अनुसार, जिला स्तरीय गठित जांच समिति में अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा, पेंशन अधिकारी, जिला आयुष्मान नोडल अधिकारी एवं जिला आयुष्मान समन्वयक शामिल थे। समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में तत्कालीन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी शहपुरा एवं वर्तमान में मेंहदवानी में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्येंद्र परस्ते की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जांच में सामने आया कि डॉ. परस्ते प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यरत होने के बावजूद चिकित्सक के रूप में अन्य डॉक्टरों की तुलना में कई गुना अधिक आयुष्मान प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर रहे थे। ड्यूटी रोस्टर में नाम नहीं होने के बावजूद उन्होंने स्वयं को मेडिकल स्पेशलिस्ट दर्शाकर राशि प्राप्त की। संयुक्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार डॉ. परस्ते ने मेडिकल स्पेशलिस्ट के रूप में 30 प्रतिशत की दर से 7 लाख 1 हजार 992 रुपए 20 पैसे प्राप्त किए, जबकि नियमानुसार उन्हें 10 प्रतिशत की दर से केवल 2 लाख 33 हजार 997 रुपए 40 पैसे ही मिलने थे। हालांकि डॉ. परस्ते ने अपने जवाब में कहा कि वे मेडिकल ऑफिसर के रूप में कार्यरत थे, इसलिए 30 प्रतिशत की दर से राशि प्राप्त करना उचित था। जांच के दौरान कई अन्य अनियमितताएं भी उजागर हुईं। कुछ कर्मचारियों को एक वर्ष से अधिक मातृत्व अवकाश पर रहने के बावजूद प्रोत्साहन राशि आवंटित की गई। वहीं वार्डबॉय के रूप में कार्य नहीं करने वाले कर्मचारी आशुतोष रजक के खाते में भी राशि डाले जाने का मामला सामने आया। इसके अलावा कुछ कर्मचारियों के स्थानांतरण के बाद भी उन्हें प्रोत्साहन राशि जारी किए जाने की जानकारी जांच में मिली है। इधर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रस्तुत अभिमत में कहा गया कि जांच दल ने दस्तावेजों का सूक्ष्म परीक्षण किए बिना प्राथमिक आधार पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है।

# रेत के अवैध उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेत जब्त

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** खनिज विभाग के मैदानी अमले द्वारा जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी राहुल शाडिल्य ने जानकारी दी है कि तहसील जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम-सौंता एवं टिहकी में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की शिकायतें प्राप्त होने पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम सौंता तहसील जयसिंहनगर में बिना नंबर का पावर-ट्रैक ट्रैक्टर की जांच की गई। वाहन में लोड खनिज रेत के परिवहन से संबंधित वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन चालक के कब्जे से वाहन मय खनिज रेत जब्त कर वाहन को शासकीय अभिरक्षा ग्राम पंचायत टिहकी में भिजवाया गया। इसी प्रकार ग्राम टिहकी, तहसील जयसिंहनगर में खनिज रेत 24 घनमीटर का अवैध भंडारण निजी भूमि पर होना पाया गया। अवैध भंडारणकर्ता द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज होना नहीं बताया गया। जिसको लावारिस हालत में जप्त कर ग्राम पंचायत टिहकी में उप-सरपंच को सुपुर्द किया गया एवं संबंधितो के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की गई।




# चार माह से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)

थाना ब्यौहारी पुलिस द्वारा लूट एवं मारपीट के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। फरियादी विकास गुप्ता पिता स्व. सीताराम गुप्ता उम्र 22 वर्ष निवासी तिखवा थाना पपौंध हाल हप्पा कॉलोनी बनसुकली तिराहा थाना ब्यौहारी द्वारा थाना ब्यौहारी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 8 जनवरी को शाम करीब 04-05 बजे वह जैन चक्की भोगिया तिराहा के पास पैदल जा रहा था, तभी आरोपीगण आनंद यादव, रवि सेन, अश्वनी पाण्डेय एवं अन्य साथियों द्वारा रास्ता रोककर गाली-गलौच की गई तथा चाकू दिखाकर उसके पास रखे 12,000 रुपये नगद एवं एडराईट इन्फिनिक्स कंपनी का मोबाइल लूट लिया गया। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा लाठी, डंडा, बेल्ट एवं हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। प्रकरण में थाना ब्यौहारी में अपराध धारा बी.एन.एस. के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान आरोपी आनंद यादव, रवि सेन, आमिन खान एवं गुलाब पटेल को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है। घटना के बाद से आरोपी अश्वनी पाण्डेय लगातार फरार चल रहा था, जिसकी पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी। थाना ब्यौहारी पुलिस द्वारा फरार आरोपी अश्वनी पाण्डेय को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# किसानों की समस्याओं पर किसान संघ की बैठक, बीज से बिजली तक उठे बड़े मुद्दे

डिंडौरी(स्वतंत्र मत)

कलेक्टर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, मांगों और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। किसान प्रतिनिधियों ने कृषि, बिजली, सिंचाई, राजस्व, पशुपालन और सहकारिता विभाग से जुड़े कई अहम मुद्दे प्रशासन के समक्ष रखे।

बैठक में किसानों ने खरीफ सीजन को देखते हुए मक्का, धान, अरहर, सोयाबीन, कोदो-कुटकी सहित अन्य बीजों की पर्याप्त उपलब्धता 15 जून तक सुनिश्चित करने तथा समय पर किसानों को वितरण कराने की मांग की। साथ ही धान एवं गेहूं उपार्जन सीमा बढ़ाने, सिंचित भूमि की सही गिरदावरी दर्ज करने और फसल कटाई प्रयोगों में किसान संघ की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही गई। किसानों ने खाद एवं उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने और लंबित अनुदान राशि शीघ्र किसानों के खातों में जमा कराने की मांग भी उठाई।

उद्यानिकी विभाग से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए स्थायी ढांचों की संख्या बढ़ाने, कृषि उपकरणों की मूल्य विसंगतियों में सुधार तथा कृषक भ्रमण योजनाओं में पारदर्शिता लाने की मांग की गई। पशुपालन विभाग से पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता और समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

विद्युत व्यवस्था को लेकर किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में कम वोल्टेज वाले ट्रांसफार्मर बदलने, जर्जर बिजली लाइनों की मरम्मत, जले हुए ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे के भीतर बदलने तथा किसानों को 5 रुपये में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग रखी। शहपुरा और मेंहदवानी क्षेत्र में बार-बार बिजली बाधित होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

जल संसाधन विभाग से बांधों और नहरों की समय पर मरम्मत, गेट सुधार और खेतों तक सिंचाई पानी पहुंचाने की मांग की गई। समनापुर, भाजीटोला, मोहदा और चैरा जलाशयों से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा हुई। वहीं पीएचई विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन योजनाओं में गुणवत्ताहीन कार्यों की शिकायत करते हुए बंद पड़ी नल-जल योजनाओं की जांच एवं सुधार की मांग रखी गई।

सहकारी बैंक एवं सहकारिता विभाग से पासबुक प्रिंटिंग, ऋण जमा प्रक्रिया और नवीन लेम्पस संचालन में सुधार की आवश्यकता बताई गई। राजस्व विभाग के संदर्भ में गिरदावरी सुधार, सीमांकन, फौती नामांतरण, सार्वजनिक भूमि संरक्षण और अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। किसानों ने खेतों के पारंपरिक रास्तों को नक्शों में दर्ज करने तथा राजस्व जागरूकता अभियान चलाने की भी मांग रखी।

वन विभाग से जंगली जानवरों द्वारा फसल नुकसान पर मुआवजा और फेंसिंग पर 80 प्रतिशत अनुदान देने की मांग की गई। कृषि उपज मंडी में व्यापारियों द्वारा रेट सूची नहीं लगाने और किसानों के शोषण का मुद्दा भी बैठक में उठा।

इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र डिंडौरी में कृषि महाविद्यालय खोलने, सभी विभागीय कार्यालयों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने तथा बिलगांव जलाशय परियोजना में ब्लास्टिंग से प्रभावित ग्रामीणों को क्षतिपूर्ति देने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। किसान संघ ने यह मांग भी की कि बैठक प्रत्येक दो माह में नियमित रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाए।

बैठक में कृषि उपसंचालक श्री संजय जोशी, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग श्री एच.पी. शुक्ला, भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष श्री बिहारी लाल साहू, जिला कोषाध्यक्ष श्री विवेकानंद साहू, उपाध्यक्ष श्री भानसिंह मरकाम, विपणन प्रमुख श्री खिलपत सिंह गौतम सहित किसान संघ के पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# फर्जीबाड़े पर कसा शिकंजा तो मैनेजर पर लगाए मिथ्या आरोप

## बैंकिंग अनियमितताओं के आरोपों से गरमाया मामला

जबलपुर(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश के बैंकिंग और वेयरहाउसिंग क्षेत्र से जुड़ा एक मामला इन दिनों चर्चाओं में है जिसमें रामकिशोर दीक्षित एवं भावना दीक्षित तथा उनके परिवार के अन्य सदस्यों और रिश्तेदारों के द्वारा करोड़ों रुपये की सब्सिडी वेयरहाउस लोन और कथित दस्तावेजी अनियमितताओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। रामकिशोर दीक्षित और भावना दीक्षित पर कथित वित्तीय अनियमितताओं एवं फर्जी तरीके से वेयरहाउस निर्माण पर सब्सिडी आहरण के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी संबंधित जांच एजेंसियों जैसे नाबार्ड या न्यायालय द्वारा नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार यह पूरा विवाद उस समय सामने आया जब बैंक की आंतरिक मॉनिटरिंग के दौरान रामकिशोर दीक्षित एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों एवं रिश्तेदारों के कुछ खातों और वेयरहाउस लोन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान ऐसे कई तथ्य सामने आए जिनसे संदेह उत्पन्न हुआ कि एक ही वेयरहाउस संरचना के आधार पर अलग-अलग संस्थाओं से लोन एवं सब्सिडी का आहरण किया गया




### वेयरहाउस लोन सब्सिडी पर सवाल

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2021 में भावना दीक्षित द्वारा रोशनी दीक्षित के नाम पर लीज जमीन के पर वेयरहाउस निर्माण के लिए लोन लिया गया था। आरोप है कि जिस भूमि को लोन दस्तावेजों में दर्शाया गया मौके पर उसकी स्थिति अलग पाई गई। जांच के दौरान संबंधित खसरा नंबर की ऑनलाइन और भू-अभिलेखीय जांच की गई जिसमें कथित तौर पर पाया गया कि जिस भूमि पर निर्माण दर्शाया गया था वहां वास्तविक स्थिति मेल नहीं खाती थी। बताया जा रहा है कि बैंक अधिकारियों द्वारा जब स्थल निरीक्षण किया गया तो तस्वीरों और दस्तावेजों में दर्शाए गए वेयरहाउस तथा वास्तविक लोकेशन में अंतर दिखाई दिया। संबंधित वेयरहाउस पर पहले से किसी अन्य बैंक से लोन एवं सब्सिडी प्राप्त की जा चुकी थी इसके बावजूद नए दूसरे बैंक से वित्तीय लाभ और सब्सिडी प्राप्त की गई। मामले से जुड़े सूत्रों का दावा है कि प्रारंभिक जांच में यह आशंका भी व्यक्त की गई कि एक ही वेयरहाउस को अलग-अलग दस्तावेजों और खसरा विवरणों के माध्यम से कई योजनाओं में प्रस्तुत कर लाभ लेने का प्रयास किया गया।

### वेयरहाउस परियोजनाओं की भी जांच

सूत्रों के अनुसार मामला केवल एक वेयरहाउस तक सीमित नहीं है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि दुल्हनखेड़ा और तेंदूखेड़ा क्षेत्र में रामकिशोर दीक्षित के निर्मित कई वेयरहाउस परियोजनाओं की भी जांच की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि इन परियोजनाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में सब्सिडी लाभ प्राप्त किए गए। कानूनी जानकारों का कहना है कि जब तक किसी सक्षम एजेंसी द्वारा जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा।

बताया जा रहा है कि बैंक की सख्त कार्यवाही के चलते दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ा। अनियमितताओं को उजागर करने के बाद पूर्व प्रबंधक को निशाना बनाया गया, और दबाव बनाने की मंशा से मनगढ़ंत मिथ्या आरोप लगाए गए ताकि कार्यवाही को आगे ना बढ़ाया जा सके सूत्रों के अनुसार विवाद के बीच कुछ खातों में रकम जमा और निकासी को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

### नाबार्ड बैंकों की भूमिका पर नजर

इस पूरे मामले में अब निगाहें नाबार्ड एवं अन्य बैंक जैसे बैंक ऑफ इंडिया पंजाब नेशनल बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान जहां से आरोपित एवं परिवार ने कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर लोन एवं सब्सिडी का लाभ लिया है पर टिकी हुई हैं। यदि जांच एजेंसियां आरोपों में प्रथम दृष्टया सच्चाई पाती हैं तो सरकारी सब्सिडी और बैंकिंग प्रक्रियाओं की सुरक्षा को लेकर बड़े स्तर पर कार्रवाई संभव मानी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि वेयरहाउसिंग सेक्टर में सब्सिडी आधारित योजनाओं के कारण लंबे समय से फर्जीवाड़े की आशंकाएं बनी रहती हैं। ऐसे मामलों में भू-अभिलेख निर्माण सत्यापन, बैंक मॉर्गेज और फील्ड निरीक्षण की प्रक्रिया को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### एफआईआर की चर्चा

सूत्रों के हवाले से यह भी कहा जा रहा है कि एक अन्य कथित सरकारी संपत्ति और वित्तीय अनियमितता से जुड़े मामले में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ चरगांव थाना क्षेत्र में अमानत में खयानत के मामले में वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा एफआईआर दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।



# नौतपा से पहले ही भट्टी की तरह तपने लगा शहर

## जबलपुर में गर्मी का रौद्र रूप, 43.5 डिग्री पहुंचा पारा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

संस्कारधानी में बीते दो दिनों से नौतपा से पहले ही लू और भीषण गर्मी ने आमजन की मुश्किले बढ़ा दी है। हालात यह है कि नौतपा आने के पहले ही शहर भट्टी की तरह तप रहा है। जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान शहर का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आसमान साफ होने के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। स्थिति यह है कि दोपहर होते ही लू के थपेड़े चलने लगते हैं, जिसके कारण बाजारों और व्यस्त सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। लोग घरों से बाहर निकलने में परहेज कर रहे हैं।

### पश्चिमी हवाओं ने बढ़ाई तपिश

मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि चक्रवाती हवाओं का असर कम होने और पश्चिमी गर्म हवाओं के सीधे प्रवेश के कारण गर्मी का यह प्रचंड रूप देखने को मिल रहा है। आगामी दिनों में नौतपा शुरू होने वाला है, जिसमें पारंपरिक रूप से सर्वाधिक गर्मी पड़ती है, लेकिन इस बार नौतपा से पहले ही गर्मी अपने चरम पर पहुंचती दिख रही है। भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए एडवायजरी जारी की है। डॉक्टरों के अनुसार, इस शुष्क मौसम में डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) और हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे अधिक रहता है।

# हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में मनाया गया मातृ दिवस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में मातृ दिवस बड़े उत्साह एवं सम्मान के साथ प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी के मुख्यातिथि में मनाया गया जिसमें स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने सभी को संबोधित करते हुए मातृ दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए । उन्होंने समाज निर्माण एवं आने वाली पीढ़ियों के मार्गदर्शन में माताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला । 20 छात्राओं ने प्रतियोगिता में सहभागिता की । प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव तथा डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, डॉ. निधि माथुर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, विजय दहायत एवं प्रीति नामदेव का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।



# सांसद निधि से ग्राम पंचायतों को प्रदान किये 9 पानी के टेंकर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । इस भीषण गर्मी में ग्राम पंचायतो में पीने योग्य पानी की कमी को देखते हुए विवेक कृष्ण तन्खा ने अपनी निधि से 9 पानी के नये टेंकर विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों को प्रदान किये। जानकरी देते हुए बलदीप मैनी ने बताया कि विवेक कृष्ण तन्खा निर्देशानुसार एम.पी. एग्रो द्वारा भेजे गये 9 पानी के टेंकर उनके निवास स्थान से जबलपुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतो के सरपंचों को सौपें गये। सभी सरपंचों ने इस सहायता की भूरी भूरी प्रशंसा की इस अवसर पर बलदीप मैनी, इंद्र कुमार सोनी, मलिक यादव, नसीम एवं सभी सरपंच उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री से मिले विवेक तन्खा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कश्मीर के टीटवाल स्थित ऐतिहासिक शारदा मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा तथा सेव शारदा कमेटी कश्मीर के अध्यक्ष रविंद्र पंडिता ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चमकोट से टीटवाल तक सड़क चौड़ीकरण एवं मंदिर के समीप यात्री निवास निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुच रहे हैं, लेकिन चमकोट से टीटवाल तक लगभग 7 किलोमीटर लम्बा मार्ग अत्यंत सकरा होने के कारण श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा का सामना



करना पड़ता है। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग 701 का चौड़ीकरण चमकोट तक किया जा रहा है, किन्तु आगे टीटवाल तक सड़क के विस्तार की अत्यंत आवश्यकता है। प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि श्रद्धालुओं की बढती हुयी संख्या को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ मंदिर के समीप आधुनिक सुविधाओं से युक्त यात्री निवास का निर्माण भी कराया जाए जिससे देशभर से आने वाले श्रद्दालुओं को सुविधा मिल सके। सेव शारदा कमेटी कश्मीर के अध्यक्ष रविन्द्र पंडिता ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार इस महत्वपूर्ण विषय पर सकरात्मक निर्णय लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेगी, जिससे शारदा मंदिर क्षेत्र धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से और अधिक विकसित हो सके।

# घुटना में पंचायत भवन का लोकार्पण



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)** । घुटना पंचायत भवन का लोकार्पण कार्यक्रम मुख्यातिथि सांसद आशीष दुबे,विधायक संतोष वरकड़े,पूर्व विधायक दिलीप दुबे, जनपद अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री,सरपंच केके दुबे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। यह सुंदर और सुव्यवस्थित भवन 37.49 लाख की लगत से बना है। लोकार्पण के दौरान विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री राजेश दहिया, पुष्पराज, अलका गर्ग, अनुपम सराफ, आशीष पटेल, नीलू बाजपेई, राजमणि, दिलीप पटेल, संदीप शुक्ला, अनंत नोगरिया, चतुर बाई, शिवकुमार रामखिरिया, दशरथ सिंह बंधा, रामराज बेला, राम किशोर दुबे, प्रकाश दुबे, बद्री दुबे उपस्थित रहे।

# किसानों ने बिजली कंपनी कार्यालय का किया घेराव

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

गोसलपुर फीडर से जुड़े जुनवानी फीडर अंतर्गत जुनवानी, सिहोराहार, पहरेवाहार, गढ़चपा और घाटसिमरिया सहित कई गांवों के किसानों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा बड़ी संख्या में किसान बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि 27 अप्रैल से क्षेत्र में नियमित बिजली सप्लाई नहीं मिल रही है और प्रतिदिन केवल 10 से 15 घंटे ही थ्री फेज बिजली दी जा रही है। करीब 5 से 6 हजार एकड़ में लगी मूंग और उड़द की फसल सिंचाई



के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गई है। लाइन फॉल्ट होने पर समय पर सुधार नहीं किया जाता, जबकि बिना सूचना बिजली बंद कर दी जाती है। किसानों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने के साथ यह आरोप भी लगाए कि कुछ लाइनमैन पंप उपभोक्ताओं से अवैध वसूली करते हैं। पैसा देने वालों की लाइन में न ट्रिपिंग होती है और न फॉल्ट, जबकि अन्य किसानों को लगातार परेशान किया जाता है। किसानों की प्रमुख मांग नियमित थ्री फेज बिजली सप्लाई ,लाइन फॉल्ट का तत्काल सुधार ,अघोषित कटौती और ट्रिपिंग बंद हो ,कथित वसूली की निष्पक्ष जांच ,जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई है। प्रदर्शन में विनय पटेल, ओमप्रकाश पटेल, पवन पटेल, नीरज शुक्ला, ललित पटेल, पक्कू पटेल, सुरजीत, तुलसीराम, रोहित पटेल, बृजेंद्र और शाहिद सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।

# लाल झंडे में शामिल हुये कर्मचारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । जीसीएफ में जुलाई माह में कार्य समिति भंग होने वाली है और कार्य समिति 2026-28 का चुनाव होना है, जिसका रुझान अभी से आने लगा है विगत 6 वर्षों से कार्य समिति में लाल झंडे की मजदूर संघ हथौड़ा काबिज है। गुरूवार को करीब आधा दर्जन कर्मचारी मजदूर संघ हथौड़ा के कर्मचारियों के प्रति किए गए कार्यों से प्रेरित होकर लाल झंडे की सदस्यता लिया। मजदुर संघ हथौड़ा कार्यालय में अध्यक्ष विनय गुप्ता एवं महामंत्री रोहित यादव ने इन्हें मजदूर संघ हथोड़ा की सदस्यता प्रदान की। सदस्यता ग्रहण समारोह में कार्य समिति सदस्य राहुल गुप्ता, राजेश भारती, बीरबल सिंह, आशीष विश्वकर्मा, आईआर मेकैनिज्म सदस्य विवेक शुक्ला एवं फेडरल काउंसिल मेंबर जसवंत सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# भेड़ाघाट और कटंगी में मकान सूचीकरण का कार्य समय से पहले हुआ पूर्ण

## कलेक्टर ने किया अधिकारियों को सम्मानित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत चल रहे मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य में नगर परिषद भेड़ाघाट और कटंगी ने बाजी मारी है। समय-सीमा से पूर्व कार्य पूर्ण करने पर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में दोनों निकायों के चार्ज अधिकारियों को सम्मानित किया। नगर परिषद भेड़ाघाट के सीएमओ एवं चार्ज जनगणना अधिकारी विक्रम झारिया ने अपने आवंटित 15 मकान गणना ब्लॉकों और नगर परिषद कटंगी की सीएमओ एवं चार्ज अधिकारी श्रीमती स्नेहा मिश्रा



ने 31 ब्लॉकों का कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा कर लिया है। उनकी इस कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कलेक्टर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट कर बधाई दी।

**जिले में जनगणना की वर्तमान स्थिति**- संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ऋषभ जैन के मार्गदर्शन में जिले के कुल 36 जनगणना चार्ज में कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। जिले में कुल ब्लॉक 4,414 (ग्रामीण: 2,441 7 नगरीय: 1,973) है, जिनमें पूर्ण हो चुके ब्लॉक 1,808 है। कार्य में 4 जिला मास्टर ट्रेनर्स, 36 चार्ज अधिकारी, 98 फील्ड ट्रेनर्स, 664 पर्यवेक्षक और 3,930 प्रगणक लगे हैं। कलेक्टर ने जिले के अन्य प्रगणकों और अधिकारियों को भी इसी तत्परता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे सरकार

## एनएसयूआई ने कहा- आखिर कब तक असुरक्षित परीक्षा तंत्र की भेंट चढ़ेगा युवाओं का भविष्य

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने नीट यूजी-2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की विफलता को लेकर जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता आयोजित की। संगठन ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर लाखों छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय करने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ह्रस्द्ध जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने कड़े शब्दों में कहा कि देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य लगातार असुरक्षित परीक्षा तंत्र की भेंट चढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नीट जैसी परीक्षाएं केवल एक टेस्ट नहीं, बल्कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के संघर्ष और सपनों का आधार होती हैं। बार-बार होने वाले पेपर लीक ने न केवल सिस्टम की गोपनीयता भंग की है, बल्कि छात्रों का आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन भी हिला कर रख दिया है।



### 2015 से 2026 घोटालों का सिलसिला जारी

एनएसयूआई ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2015 में नीट के रद्द होने से लेकर 2024 के विवादों और अब 2026 में पुन: उत्पन्न हुई वैसी ही स्थितियों ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार और एनटीए पूरी तरह विफल रहे हैं। सचिन रजक ने आरोप लगाया कि राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में सक्रिय पेपर लीक नेटवर्क ने गेस पेपर के नाम पर लाखों रुपये लेकर प्रश्नपत्र बेचे, जिससे लगभग 23 लाख छात्रों का भविष्य अंधकार में लटक गया है। एनएसयूआई ने कहा कि पिछली बार महानिदेशक को हटाकर केवल औपचारिकता पूरी की गई थी, जबकि असली जिम्मेदार लोगों, विशेषकर एनटीए चेयरमैन प्रदीप जोशी पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। संगठन का आरोप है कि सरकार दोषियों को संरक्षण दे रही है।

### छात्रों में बढ़ रहा मानसिक तनाव

प्रेसवार्ता के अंत में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों पर चिंता व्यक्त की गई। एनएसयूआई ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया संदिग्ध होने से युवाओं में अवसाद, चिंता और असुरक्षा का भाव बढ़ रहा है। संगठन ने मांग की है कि इस पूरे मामले में केवल निचले स्तर पर नहीं, बल्कि संस्थागत स्तर पर बड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में छात्रों के साथ ऐसा खिलवाड़ न हो। प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मिश्रा,प्रदेश सचिव अनुज यादव, मो एजाज, अभिनव मिश्रा, अचलनाथ चौधरी,सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# पेट में पल रहा था सवा चार किलो का दर्द...

## डॉक्टरों ने बचाई महिला की जिंदगी

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

वर्षों से असहनीय दर्द झेल रही मंडला जिले के बिछिया क्षेत्र की 42 वर्षीय आदिवासी महिला देवंती धुर्वे को आखिरकार नई जिंदगी मिल गई। उसके पेट में सवा चार किलो वजनी फाइब्रॉएड (गोला) था, जिसने उसकी हालत दिन-ब-दिन बिगाड़ दी थी। आर्थिक तंगी और बड़े शहरों में महंगे इलाज की चिंता के बीच बालाघाट के मोती नगर स्थित श्री विचक्षण जैन हॉस्पिटल ने उम्मीद की किरण दिखाई। यहां डॉक्टरों की टीम ने करीब तीन घंटे तक चले जटिल ऑपरेशन के बाद महिला के पेट से सवा चार किलो का गोला सफलतापूर्वक बाहर निकाला।

इस सफल सर्जरी की जानकारी गुरुवार 14 मई को आयोजित प्रेस वार्ता में श्री विचक्षण जैन हॉस्पिटल में प्योरिटी सर्विस नागपुर के संचालक विक्रम चौधरी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जाफर हुसैन भारमल, डॉ. मोहम्मद भारमल और समाजसेवी अभय सेठिया ने दी।




डॉ. मोहम्मद भारमल ने बताया कि देवंती धुर्वे दो बेटियों की मां हैं। नसबंदी के कुछ वर्षों बाद उन्हें पेट में दर्द की शिकायत शुरू हुई थी। शुरुआत में दवाइयों से राहत मिलती रही, लेकिन धीरे-धीरे पेट में गांठ बढ़ती गई और दर्द असहनीय हो गया। जांच में पता चला कि महिला के बच्चेदानी में विशाल फाइब्रॉएड विकसित हो चुका है, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव और लगातार दर्द हो रहा था।

डॉक्टरों के अनुसार यह ऑपरेशन बेहद जटिल था और बालाघाट में इस प्रकार का संभवतः पहला बड़ा मामला माना जा रहा है। बड़े शहरों में जहां ऐसी सर्जरी के लिए कई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगती है, वहीं जैन हॉस्पिटल में केवल दो सर्जनों ने यह कठिन ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। हिस्टेरेक्टॉमी प्रक्रिया के माध्यम से महिला के पेट से सवा चार किलो वजनी फाइब्रॉएड निकाला गया।

देवंती के परिजनों ने भावुक होकर बताया कि पिछले दो वर्षों से वे इलाज के लिए भटक रहे थे। मंडला अस्पताल से उन्हें जबलपुर रेफर करने की सलाह दी गई थी, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज संभव नहीं हो पा रहा था। पिछले छह महीनों में दर्द इतना बढ़ गया था कि देवंती का सामान्य जीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका था। तभी किसी परिचित ने बालाघाट के जैन हॉस्पिटल की जानकारी दी, जहां ट्रस्ट के माध्यम से कम खर्च में उपचार उपलब्ध कराया गया। ऑपरेशन सफल होने के बाद परिजनों की आंखों में राहत और खुशी के आंसू छलक उठे। उन्होंने डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि समय पर मिला उपचार देवंती के लिए किसी नई जिंदगी से कम नहीं है।

# बोनकट्टा में विधायक ने कुपोषित बच्चों को वितरित की पोषण किट

### कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार हेतु विशेष पहल, हितग्राही महिलाओं को भी बांटे प्रमाण पत्र

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** कटंगी क्षेत्र के ग्राम बोनकट्टा में 13 मई 2026 को आयोजित विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा सेक्टर बोनकट्टा के कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना तथा कुपोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री पारधी ने कहा कि बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने की अपील भी की।



इस अवसर पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत लाभान्वित महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं अभिभावकों को पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# सूने मंदिरों को निशाना बनाने वाला अंतर्राज्यीय चोर गिरोह बेनकाब

### 3 आरोपी गिरफ्तार, 2 बाल अपचारी अभिरक्षा में



**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** जिले में लगातार हो रही मंदिर चोरी की घटनाओं का आखिरकार पुलिस ने बड़ा खुलासा कर दिया है। सूने और ग्रामीण इलाकों के मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बालाघाट पुलिस ने महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से जुड़े 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 2 विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 5 लाख रुपये का चोरी गया मशरूका बरामद किया गया है। पिछले एक माह से थाना लांजी, हट्टा, नवेगांव और कोतवाली क्षेत्र के मंदिरों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। चोर देर रात सुनसान और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों के ताले तोड़कर चांदी के मुकुट, छत्र, दान पेटी की नगदी और पीतल के घंटे चोरी कर रहे थे। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय का माहौल था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना लांजी, नवेगांव, कोतवाली, किरनापुर और हट्टा की 5 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्धों पर नजर रखी और लगातार पूछताछ की। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बालाघाट जिले के विभिन्न मंदिरों में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी पहले मंदिरों की रेकी करते थे और फिर रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम देते थे। सभी आरोपी महाराष्ट्र के थाना रावनवाड़ी क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।

# चार माह के मासूम अयांश को मिली नई जिंदगी की उम्मीद

## एयर एम्बुलेंस से मुंबई रवाना, आयुष्मान योजना से होगा निःशुल्क उपचार

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

जिले के चार माह के मासूम अयांश मसराम के लिए गुरुवार का दिन नई उम्मीद लेकर आया। गंभीर हृदय रोग से जूझ रहे अयांश को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर शुरू की गई पीएमश्री एयर एम्बुलेंस योजना के तहत एयर लिफ्ट कर बेहतर उपचार के लिए मुंबई भेजा गया। यह पूरा उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क कराया जा रहा है।

कटंगी विकासखंड के ग्राम देवरी बुजुर्ग निवासी अयांश मसराम, पिता शैलेश मसराम, पिछले कई दिनों से गंभीर हृदय रोग से पीड़ित था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए बड़े शहर में इलाज कराना लगभग असंभव था। लेकिन शासन की संवेदनशील पहल और जिला प्रशासन की तत्परता ने इस मासूम को जीवनदान की उम्मीद दे दी।

कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में 14 मई 2026 को सुबह जिला चिकित्सालय बालाघाट से अयांश को पड़ोसी महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया जिले के बिरसी एयरपोर्ट ले जाया गया, जहां से प्रातः 10 बजे पीएमश्री एयर एम्बुलेंस द्वारा उसे मुंबई स्थित नारायण हृदयालय के लिए रवाना किया गया। वहां उसका उपचार एवं आवश्यक सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क होगी।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप की मौजूदगी में बच्चे को एयरलिफ्ट कराया गया। इस दौरान जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक आरबीएसके राजाराम चक्रवर्ती भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि 8 मई को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय बालाघाट के डीईआईसी में आयोजित विशेष शिविर के दौरान अयांश की गंभीर हृदय बीमारी का चिन्हांकन किया गया था। मुंबई के नारायण हृदयालय की शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रिया प्रधान ने जांच के बाद बच्चे की तत्काल सर्जरी आवश्यक बताई थी।

इसके बाद जिला प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की। बीते दो दिनों से जिला अस्पताल के पीआईसीयू में डॉ राहुल गेडाम एवं डॉ आशुतोष बांगरे की निगरानी में बच्चे का उपचार चल रहा था। स्वास्थ्य में सुधार होने पर उसे मुंबई रेफर करने का निर्णय लिया गया।

सबसे भावुक पल उस समय आया जब अयांश के परिजन एयर एम्बुलेंस में बैठे। आंखों में आंसू लिए उन्होंने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। परिजनों ने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनका बच्चा एयर एम्बुलेंस से मुंबई इलाज के लिए जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन की मदद ने उनके बच्चे को नई जिंदगी की उम्मीद दी है। परिजनों की भावुक स्थिति देखकर सीएमएचओ डॉ उपलप ने उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। अधिकारियों की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि शासन की योजनाएं जरूरतमंदों के लिए वास्तव में जीवनदायिनी बन रही हैं।

# प्रधानमंत्री की अपील से सुस्त पड़ा सराफा कारोबार, व्यापारियों ने जताई चिंता

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता से एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील की। जिस अपील का सराफा कारोबार पर असर पड़ा है, बालाघाट में सराफा व्यापारियों ने बताया कि अपील के बाद धंधा आधा हो गया है। एक जानकारी के अनुसार बालाघाट में सराफा का एक बड़ा व्यवसाय है, साल में 500 करोड़ से ज्यादा का व्यापार होता है, लेकिन अपील के बाद व्यापार मंदा होने से ना केवल व्यापारियो में नाराजगी है बल्कि, सराफा व्यवसाय से जुड़े कामगारो में भी रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।

सराफा एशोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता महेन्द्र सुराना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील को व्यापार, व्यापारी और कामगार के हित में गलत बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ऐसे समय अपील कर रहे है, जब पांच राज्यों के चुनाव खत्म हो गए है। जबकि वर्तमान में शादी-ब्याह का सीजन है, सनातन धर्म में शादी को 13 वां संस्कार माना गया है, जिसमें बहु-बेटियों को सोने का आभूषण देकर उसे विदा करने की परंपरा है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील से लोग दिग्भ्रमित हो रहे है यह महिलाओं की भावना के विरूद्ध भी है। प्रधानमंत्री की अपील भी व्यापार के दृष्टिकोण से ठीक नहीं है।

स्वर्ण व्यापारी दिलीप कारडा ने बताया कि इस इंडस्ट्री से लाखो लोगों का परिवार जुड़ा है, जिसका ध्यान प्रधानमंत्री को रखना चाहिए था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील को देश की जनता गंभीरता से लेती है, यही कारण है कि उनकी अपील के बाद व्यापार आधा हो गया है। जिससे व्यापार से जुड़े व्यापारियों और कामगारों को रोजी की चिंता सताने लगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने अपील में डिटेलिंग कर यह कह सकते थे कि ओल्ड गोल्ड एक्सचेंज कर गोल्ड खरीदे या फिर चांदी खरीदे लेकिन जिस तरह से उन्होंने अपील की है, उससे व्यवसाय और इसे जुड़े लोगों का नुकसान है।

# वैश्विक संकट को लेकर प्रधानमंत्री का आवाहन देशहित में मील का पत्थर साबित होगा-आशुतोष

उमरिया स्वतंत्रमत।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि पूरी दुनिया ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण गहरे आर्थिक और ऊर्जा संकट से जूझ रही है। इस युद्ध ने वैश्विक सप्लाई चेन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, जिसके चलते पेट्रोलियम उत्पाद, गैस, उर्वरक, खाद्य तेल, गोल्ड सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में व्यापक वृद्धि हुई है। दुनिया के अधिकांश देश इस संकट की मार झेल रहे हैं और उनके विदेशी मुद्रा भंडार पर भी भारी दबाव बना हुआ है। ऐसी कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने इस संकट के प्रभाव को काफी हद तक नियंत्रित रखा है तथा देशवासियों को आर्थिक झटके से बचाने का प्रभावी प्रयास किया है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री का देशवासियों से यह आवाहन देशहित में मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार ने संतुलित आर्थिक प्रबंधन के माध्यम से देश की स्थिति को मजबूत बनाए रखा है। श्री अग्रवाल ने पार्टी कार्यकर्ता और समस्त जिलेवासियों से संकट की इस घड़ी में देशहित को सर्वोपरि रखकर एकजुट होकर





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन को आत्मसात करने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष मिथलेश पयासी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग और संसाधनों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देकर देशहित में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। प्राकृतिक खेती और नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देने से न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि भूमि की उर्वरा शक्ति और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। कोरोना काल में भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अपील पर देशवासियों ने अनुशासन, आत्मसंयम और सेवा का परिचय दिया था।

# आरोपियो पर मारपीट करने पर मामला कायम

**उमरिया स्वतंत्रमत।** मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम सेजवाही में आरोपियों व्दारा फरियादी से एक राय होकर गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार मुन्ना बैगा के घर के पास ग्राम पठारी चौकी ताला के पास फरियादी विकास पटेल पिता राजेन्द्र प्रसाद पटेल निवासी ग्राम सेजवाही के साथ आरोपी राहुल यादव, लवकुश यादव, ग्यानी यादव सभी निवासी ग्राम पठारी के व्दारा गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपियो पर 296(बी), 115(2), 351(3), 3 (5) बी एन एस के तहत मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# एसडीएम ने सील किए दो नामी होटल आबकारी विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

उमरिया स्वतंत्रमत।

जिले के पाली नगर में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुनानक होटल और वीनस होटल को सील कर दिया। एसडीएम मीनाक्षी बंजारे के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद पूरे नगर और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान नया बायपास स्थित राधा कुंज होटल के पास आनंद सिंह के घर पर भी छापामार कार्रवाई की गई। यहां लंबे समय से अवैध शराब बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों के मुताबिक पाली नगर में लंबे समय से खुलेआम शराब की पैकारी चल रही थी। बिना नंबर की गाड़ियों से



दिनदहाड़े शराब की सप्लाई की जाती थी। यह अवैध कारोबार पाली से लेकर घुनघुटी तक राष्ट्रीय राजमार्ग-43 किनारे मौजूद ढाबों और होटलों तक फैल चुका था। लोगों का कहना है कि इसके बावजूद आबकारी विभाग लगातार चुप्पी साधे रहा, जिससे अब विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर प्रशासन पहले ही सख्ती दिखाता तो अवैध शराब का नेटवर्क इतना मजबूत नहीं होता। क्षेत्र में युवाओं के बीच शराब की आसान उपलब्धता सामाजिक चिंता का बड़ा कारण बन चुकी थी। कई बार शिकायतें होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में यह धारणा मजबूत होती गई कि शराब ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से पूरा नेटवर्क संचालित हो रहा है। एसडीएम मीनाक्षी बंजारे की इस कार्रवाई की आम नागरिकों ने खुलकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि पहली बार किसी अधिकारी ने जमीन पर उतरकर अवैध शराब कारोबार पर सीधा प्रहार किया है।

होटल सील होने के बाद अब अन्य अवैध कारोबारियों में भी डर का माहौल देखा जा रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब खुलेआम शराब की पैकारी हो रही थी, तब आबकारी विभाग और पुलिस आखिर क्या कर रहा था? लोग पूछ रहे हैं कि क्या विभागीय अधिकारियों को इस नेटवर्क की जानकारी नहीं थी या फिर सबकुछ जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा था।

# खेत में आगजनी करने पर मामला कायम

**उमरिया स्वतंत्रमत।** इंदवार थाना अंतर्गत आरोपी व्दारा फरियादी के खेत में आगजनी की गई । फरियादी शोभनाथ ग्राम कोटरी की शिकायत पर आरोपी जमुना कोल पिता विशेषर पटेल निवासी कोटरी पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट

**उमरिया स्वतंत्रमत।** चंदिया थाना अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर आरोपियो व्दारा फरियादी से मारपीट की गई। घटना गत दिवस की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार सुरेश सोनी पिता रामेश्वर सोनी उम्र 46 साल निवासी ग्राम अखडार की शिकायत पर आरोपी किशन सोनी, पूजा सोनी पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# अवैध शराब जब्त

उमरिया स्वतंत्रमत।

कोतवाली थाना अंतर्गत शैलू ढाबा के सामने निगहरी में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी पर मामला कायम कर लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने इस मामले में विशाल खटवानी पिता ननकराम खटवानी उम्र 35 साल निवासी माधव नगर कैंप कटनी जिला कटनी हाल शैलू ढाबा निगहरी जिला उमरिया पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से 18 पाव देशी व अंग्रेजी शराब कीमत 1604 रूपये का मशरूका बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूध्द मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# जनगणना प्रचार रथ को कलेक्टर एवं जनगणना प्रमुख अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

उमरिया, स्वतंत्रमत।

जिले में जनगणना कार्य के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जनगणना प्रचार रथ को कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय एवं जनगणना प्रमुख अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा कि जनगणना देश की विकास एवं योजनाओं की आधारशिला है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग करें और प्रगणकों को सही एवं तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएं।




प्रचार रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को जनगणना के महत्व, प्रक्रिया एवं आवश्यक जानकारी से अवगत कराएगा। रथ के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि जनगणना में दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। जनगणना प्रमुख अधिकारी ने बताया कि प्रचार रथ के जरिए लोगों को मकान सूचीकरण, परिवार संबंधी विवरण तथा जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही नागरिकों को यह भी बताया जाएगा कि जनगणना में सहभागिता करना प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण दायित्व है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, जनगणना नोडल अधिकारी प्रत्युष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की तिमाही बैठक 21 को पाली एवं मानपुर में 20 मई को

**उमरिया स्वतंत्रमत।** लीड बैंक प्रबंधक ने बताया कि ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक 21 मई को जनपद पंचायत कार्यालय पाली सभाकक्ष में तथा 20 मई को जनपद पंचायत कार्यालय मानपुर सभाकक्ष में सायं 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में ऋण जमा अग्रिम जमा साख अनुपात पर चर्चा, वित्तीय साक्षरता अभियान एवं प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रामीण शाखाओं के द्वारा शिविर आयोजन की समीक्षा, जन धन खातों के आरई केवायसी , नामांकन आदि की प्रगति , प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के इंट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम घटक अंतर्गत ई डब्ल्यू की एस, एलआईजी, एमआईजी वर्ग के पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने संबंधी, पोटेंशियल लिंक्ड क्रेडिट प्लान एफ वाय -2026-27 की समीक्षा , वित्तीय वर्ष 2026-27 में शासकीय योजनाओं के लक्ष्य निर्धारण हेतु समीक्षा , जिला व्यापार उधोग केंद्र उमरिया के योजनाओं की समीक्षा , (नगरीय निकाय) के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा ,पशुपालन, मत्स्य एवं कृषि विभागों के केसीसी की प्रगति की समीक्षा, एन आर एल एम विभाग अंतर्गत स्व सहायता समूह बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना की समीक्षा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना की समीक्षा , आदिवासी वित्त विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा ,सी एम हेल्प लाइन लंबित शिकायतों की समीक्षा , एसबीआई आरसेटी उमरिया की समीक्षा , प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा , शासकीय योजनाओं में लंबित ब्याज अनुदान और सीजीटीएमएसई फीस का दावा संबंधी समीक्षा ,अनक्लेम्डा डिपोजिट के रिफंड की योजना पर चर्चा सहित अन्य बिंदुओ पर चर्चा की जाएगी।

# जिस मैदान ने खिलाड़ियों को दी पहचान उसी मैदान को नहीं मिल सकी सुविधाएं, करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं बदली तस्वीर





मण्डल (स्वतंत्र मत)।

जिले के मुख्यालय में स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम आज अपनी बदहाली पर खुद ही सवाल खड़ा करता नजर आ रहा है। दशकों पुराना यह एकमात्र प्रमुख खेल मैदान जहां से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने प्रदेश और देश स्तर तक अपनी पहचान बनाई आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। विकास के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद यहां की स्थिति जस की तस बनी हुई है जो न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है बल्कि खेल प्रतिभाओं के साथ हो रहे अन्याय की भी कहानी कहती है। महात्मा गांधी स्टेडियम केवल एक मैदान नहीं बल्कि मंडला जिले की खेल संस्कृति का केंद्र रहा है। यहां से निकले खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल, बुशू, संतरंज, कबड्डी और अन्य खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। कई खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर पदक जीते तो कुछ ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। लेकिन विडंबना यह है कि जिस मैदान ने खिलाड़ियों को पहचान दी उसी मैदान को आज तक वह सम्मान और सुविधाएं नहीं मिल सकीं, जिनका वह हकदार है।

### विकास के नाम पर खर्च परिणाम शून्य

कुछ वर्षों पहले नगर पालिका ने स्टेडियम के विकास का बीड़ा उठाया था। इस दौरान करीब पचास लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च कर सीढ़ी निर्माण, दर्शक दीर्घा और अन्य संरचनात्मक कार्य किए गए। लेकिन इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर शुरुआत से ही सवाल उठते रहे हैं। स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों का कहना है कि निर्माण कार्य न तो मानक के अनुरूप हुए और न ही उनकी सही योजना बनाई गई। कई जगहों पर सीढ़ियां टूट-फूट का शिकार हो चुकी हैं वहीं बैठने की व्यवस्था भी असुविधाजनक है। एक स्थानीय खिलाड़ी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया इतना पैसा खर्च हुआ लेकिन मैदान में आज भी न ठीक ट्रैक है, न घास, न लाइटिंग अगर सही योजना बनती तो यहां आधुनिक स्टेडियम तैयार हो सकता था।

### भ्रष्टाचार कमीशनखोरी के आरोप

स्टेडियम के निर्माण और मरम्मत कार्यों को लेकर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। आरोप है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से गुणवत्ता से समझौता किया गया। जिले में अक्सर यह चर्चा होती है कि जितनी राशि इस स्टेडियम पर खर्च की गई उतने में एक आधुनिक और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया स्टेडियम तैयार किया जा सकता था। लेकिन कमीशनखोरी और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते यह संभव नहीं हो पाया। स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों के लिए सबसे बड़ी समस्या बुनियादी सुविधाओं की कमी है। नियमित रखरखाव का अभाव खेल उपकरणों की कमी ट्रैक और मैदान की खराब स्थिति, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव इन समस्याओं के चलते खिलाड़ियों को अभ्यास में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार उन्हें निजी खर्च पर दूसरे शहरों में जाकर अभ्यास करना पड़ता है।

### असामाजिक गतिविधियों का केंद्र

स्टेडियम की सबसे गंभीर समस्या है लाइटिंग व्यवस्था का अभाव रात्रि के समय पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है जिससे यह जगह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार रात में यहां नशाखोरी जुआ और अन्य अनैतिक गतिविधियां होती रहती हैं। कई बार पुलिस को भी सूचना दी गई लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। एक वरिष्ठ नागरिक ने बताया शाम के बाद यहां परिवार के साथ आना सुरक्षित नहीं लगता। अंधेरा इतना होता है कि कोई भी घटना हो सकती है। स्टेडियम में न तो सुरक्षा गार्ड हैं और न ही सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था। ऐसे में खिलाड़ियों और आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी सवाल उठते हैं। यदि यहां नियमित निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था हो तो असामाजिक गतिविधियों पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने महत्वपूर्ण खेल मैदान की सुध लेने के लिए जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि आगे क्यों नहीं आते हर चुनाव में विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं लेकिन जमीन पर स्थिति वही पुरानी रहती है। स्टेडियम की बदहाली इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि कैसे योजनाएं कागजों में ही सिमट कर रह जाती हैं।

### खिलाड़ियों ने की मांग

स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने प्रशासन से कई मांगें रखी हैं स्टेडियम का समग्र पुनर्विकास आधुनिक रनिंग ट्रैक और खेल सुविधाएं, हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था, सीसीटीवी और सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति नियमित रखरखाव और सफाई व्यवस्था खिलाड़ियों का कहना है कि यदि इन मांगों पर ध्यान दिया जाए तो जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। हालांकि इस मुद्दे पर प्रशासन की ओर से समय-समय पर आश्वासन जरूर दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में स्टेडियम के विकास के लिए नई योजनाएं बनाई जाएंगी लेकिन इन योजनाओं का क्रियान्वयन कब होगा यह अभी भी अनिश्चित है।

# नीट न्याय अभियान पर होगा आंदोलन




मण्डला (स्वतंत्र मत)।

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 में कथित पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं को लेकर देशभर में छात्रों और अभिभावकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने नीट 2026 न्याय अभियान की शुरुआत करते हुए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ साहू ने कहा कि देश के लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन मेहनत कर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते हैं। गरीब मध्यमवर्गीय और ग्रामीण परिवार अपनी जमा पूंजी कर्ज और जीवनभर की कमाई बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। नीट को तत्काल भंग किया जाए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच कराई जाए प्रभावित छात्रों को मुफ्त मानसिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराई जाए छात्रों को नि:शुल्क लीगल एड दी जाए आर्थिक मुआवजा एवं वित्तीय सहायता प्रदान की जाए छात्र संगठन ने यह भी मांग की कि यदि परीक्षा दोबारा आयोजित की जाती है तो सरकार छात्रों और उनके परिवारों के लिए मुफ्त परिवहन ठहरने और अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करे ताकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले ने कहा कि बार-बार हो रही परीक्षा अनियमितताएं केंद्र सरकार की परीक्षा प्रणाली की विफलता को उजागर करती हैं। उन्होंने कहा कि कोचिंग फीस आवेदन शुल्क यात्रा और वर्षों की मेहनत पर जब पेपर लीक माफिया पानी फेर देते हैं तो सबसे बड़ा अन्याय ईमानदार छात्रों के साथ होता है इस अवसर पर छात्र संगठन मंडला के नगर अध्यक्ष अंकित रजक, राहुल दुबे, प्रणय भंडारी तथा मीडिया विभाग से विवेक दुबे उपस्थित रहे।

# सहायक यंत्री गुप्ता को किया संलग्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनजातीय कार्य विभाग में पदस्थ सहायक यंत्री नरेंद्र कुमार गुप्ता को वर्तमान पदस्थापना स्थल से हटाकर सर्व शिक्षा अभियान जिला में संलग्न किया गया है जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि श्री गुप्ता के विरुद्ध शिकायत एवं विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन द्वारा दर्ज प्रकरण अपराध क्रमांक 179/2025, धारा 7, 13(1)(बी) 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 के अंतर्गत जांच प्रचलित है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार विभागीय सुनवाई के अंतिम आदेश जारी होने तक उन्हें वर्तमान कार्यालय से पृथक किया गया है आदेश के तहत नरेंद्र कुमार गुप्ता को कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से हटाकर परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान जिला में संलग्न किया गया है आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# ईएमआरएस का परिणाम शत-प्रतिशत



मण्डला(स्वतंत्रमत)।

हाल में ही आए 12वीं के परीक्षा परिणाम के बाद एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ने इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर जिले एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। 12वीं के परिणाम में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होके उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर मेहनत अनुशासन एवं उचित मार्गदर्शन से सफलता अवश्य प्राप्त होती है विद्यालय की इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय प्राचार्या सुश्री रीना के कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन एवं शिक्षकों की अथक मेहनत को दिया गया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह परिणाम द्वारा पदस्थ नियमित स्टॉफ के योगदान के बिना संभव नहीं था कक्षा 12वीं के मेधावी छात्र हिमांशु तेकाम ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हिमांशु का सपना डॉक्टर बनना है तथा उन्होंने इस वर्ष नीट परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।

# अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की बैठक आज

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** जिला महा मंत्री प्रवीण यादव जिला मंत्री प्रकाश यादव ने बताया अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल बिछिया तहसील एवं ब्लॉक की बैठक रखी गई है जिसमें बिछिया तहसील एवं ब्लाक के अंतर्गत सभी ग्रामों के कार्यकर्ता पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है शुक्रवार बैठक स्थल विनोद रंगमंच बिछिया समय दोपहर 12:30 बजे एकत्री करण बैठक का मुख्य उद्देश्य समितियां का गठन एवं आगामी युवा प्रशिक्षण वर्ग को लेकर चर्चा एवं आगामी कार्य योजना तैयार करना कार्यकर्ताओं से अनुरोध की अधिक से अधिक संख्या में बैठक मे उपस्थित होकर बैठक को सफल बनावे।

# मोंटफोर्ट में विद्यार्थियों का सम्मान




मण्डला (स्वतंत्र मत)।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा हाल ही में कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें मोंटफोर्ट विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय ने इस वर्ष 97.3 प्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त कर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष विद्यालय से कुल 114 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था जिनमें से 111 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया विद्यालय की छात्रा आयुष्मा साहू ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रशा झरिया ने 89.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पर्ल सैयाम ने 88 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया विद्यालय के संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रथम 10 मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को संस्था प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया।

# कन्या परिसर का परीक्षा परिणाम


RUPANTI SAHU
29/09/2024


KAUSHLYA MARKO
02/10/2024


RANJEETA UIKEY
29/09/2024

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** कन्या शिक्षा परिसर मोहगांव ने इस वर्ष केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल सीबीएसई की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की कुल 52 छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था जिनमें सभी छात्राएं सफल रहीं। विशेष गौरव की बात यह रही कि इनमें से 51 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। विद्यालय का यह परिणाम न केवल संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को दर्शाता है बल्कि छात्राओं की मेहनत एवं शिक्षकों के समर्पण का भी प्रमाण है। विद्यालय की मेधावी छात्रा कौशल्या मार्को ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया वहीं रुपंती साहू ने 88.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रंजीता उइके ने 87.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तीनों छात्राओं की इस उपलब्धि ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्य इंजी अजय शर्मा ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्राओं की निरंतर मेहनत शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# स्थायी वारंटी न्यायालय में पेश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में जिले में फरार एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में महिला थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया गया। महिला थाना पुलिस टीम द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी मणिदीप सिंह सिसोदिया पिता समरजीत सिंह सिसोदिया उम्र 42 वर्ष निवासी कबीर चौक को जबलपुर से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के विरुद्ध महिला थाना सहित थाना कोतवाली में भी 3 प्रकरणों में स्थायी वारंट जारी थे। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में महिला थाना प्रभारी आरती धुर्वे, उप निरीक्षक आकांक्षा उरमलिया, आरक्षक देवेंद्र तराम एवं आरक्षक चालक प्रशांत चौबे की सराहनीय भूमिका रही।

# 97.8 के साथ अनिरूद्ध ने किया टॉप



मण्डला(स्वतंत्र मत)।

प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं न्यू सिटी स्वीट्स के संचालक अनिल अग्रवाल के सुपुत्र अनिरुद्ध अग्रवाल ने केंद्रीय विद्यालय से सीबीएससी 12वीं परीक्षा में शानदार 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार विद्यालय तथा पूरे अग्रवाल समाज को गौरवान्वित किया है। अनिरुद्ध की इस उत्कृष्ट उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उन्होंने अपनी मेहनत अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता अर्जित की। पढ़ाई के प्रति उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम आज पूरे समाज के सामने प्रेरणा बनकर उभरा है। परिजनों ने बताया कि अनिरुद्ध शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उन्होंने नियमित अध्ययन के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन का पूरा लाभ उठाया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार मित्रों समाज के गणमान्य लोगों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। अग्रवाल समाज के सदस्यों ने कहा कि अनिरुद्ध की यह सफलता समाज के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल एवं उनके परिवार को लगातार बधाइयां मिल रही हैं।



# 16 मई को मनाई जाएगी नगर में श्री शनि जयंती

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

बुधवारी बाजार स्थित श्री शनि मंदिर में भगवान श्री शनिदेव जी महाराज का जन्मोत्सव मनाने जोरदार तैयारियां चल रही है। समिति अध्यक्ष विनोद ठाकुर ने बताया कि 16 मई को प्रात: 4 बजे श्री शनिदेव भगवान का विधि-विधान से पूजम, अर्चना अभिषेक एवं श्रृंगार किया जावेगा। सुबह 8 बजे सामूहिक हवन एवं यज्ञ कार्यक्रम , दोपहर 12 बजे भव्य भजन एवं संकीर्तन किया जावेगा।

शाम 6.30 बजे महाआरती की जावेगी तत्पश्चात विशाल भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में आयोजक श्री शनि नवग्रह मंदिर सेवा समिति ने अपील किया है की उपस्थिति होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

# अपने ही पिता का हत्यारा बना कलयुगी बेटा

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

थाना क्षेत्र नैनपुर के ग्राम चिचोली में कलयुगी बेटे के द्वारा अपने ही पिता की हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। हत्या के पीछे कारण बेटे को बाप के द्वारा बाल काटने और छोटे बाल रखने को बोलना बताया जा रहा है। बताया गया कि घटना दोपहर 3 बजे आपसी बातों और कहासुनी को लेकर हुई। जिसके परिणाम स्वरूप पिता के सर पर बेटे ने डंडे से जोरदार प्रहार कर दिया और उसे एक कमरे में डाल दिया। दूसरे दिन सुबह उसने अपने पिता को मृत पाया। इसकी खबर उसने अपने भाई जो बाहर मजदूरी करते है उनको दी। मगर जब गांव हलचल के उपरांत घटना की जांच हुई तो आरोपी ने स्वीकार किया। बताया कि बाप बार बार टोकता था जो उसे पसंद नहीं था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक पूसाम सैयाम पिता बोहरन सैयाम 53 वर्ष और आरोपी बेटा अज्जु पिता पूसाम सेयाम 23 साल निवासी चिचोली थाना नैनपुर है । मृतक के शव को सिविल हॉस्पिटल नैनपुर में लाकर पोस्टमार्टम कार्यवाही की गई। मौके पर थाना प्रभारी बलदेव मुजाल्दा और पुलिस टीम के द्वारा तफसीस की जा रही है।

# आरक्षक भर्ती स्वास्थ्य परीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिला चिकित्सालय में 11 एवं 12 मई को आरक्षक जीडी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार संपन्न कराया गया दो दिवसीय इस मेडिकल परीक्षण अभियान में कुल 49 अभ्यर्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई जिनमें 32 पुरुष आरक्षक एवं 17 महिला आरक्षक शामिल रहीं स्वास्थ्य परीक्षण प्रक्रिया जिला चिकित्सालय में गठित मेडिकल बोर्ड की निगरानी में सम्पन्न हुई। मेडिकल बोर्ड में डॉ. विजय सिंह धुर्वे, डॉ. मालती उइके, डॉ. गौरव जेटली, डॉ. प्रवीण उइके एवं डॉ. हेमेंद्र चौहान सदस्य के रूप में उपस्थित रहे बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों की शासन के निर्धारित मापदंडों एवं चिकित्सकीय दिशा-निर्देशों के अनुसार विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई।

# जुएल ओराम का आगमन आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम 15 मई को मंडला जिले के रामनगर पहुंचेंगे जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार वे रामनगर में आयोजित आदि उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री ओराम ओडिशा के झारसुगुड़ा एयरपोर्ट से चार्टर्ड विमान द्वारा सुबह 10 बजे जबलपुर एयरपोर्ट आएंगे। इसके बाद यहां से सुबह 10:20 बजे सड़क मार्ग से मंडला जिले के रामनगर दोपहर 12 बजे पहुंचकर आदि उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे कार्यक्रम के पश्चात अपराह्न 4:30 बजे वापस जबलपुर के लिए रवाना होंगे इसके बाद वे जबलपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# छग के राज्यपाल कल आयेंगे

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 16 मई को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। जारी अधिकृत दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री डेका 16 मई को मंडला पहुंचेंगे और यहां आयोजित आदि उत्सव-2026 कार्यक्रम में शामिल होंगे दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल रमेन डेका 16 मई की सुबह 9 बजे एथनिक जोहार टूरिस्ट रिसोर्ट सरोदा दादर चिल्फी से प्रस्थान कर लगभग 10:30 बजे मंडला सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद वे 11 बजे रामनगर स्थित चौगान के लिए रवाना होंगे जहां 11:30 बजे आदि उत्सव-2026 कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे राज्यपाल कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 1 बजे मंडला सर्किट हाउस लौटेंगे तथा भोजन एवं विश्राम के उपरांत शाम 4 बजे पुन: चिल्फी के लिए रवाना होंगे।


**कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला**

क्रमांक/न.प./स्टोर./2026/427 बम्हनी बंजर दिनांक 13/05/2026

**जेम बिड सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद बम्हनी बंजर में विद्युत विभाग अंतर्गत अति आवश्यक सेवा के लिए विद्युत सामग्री क्रय किए जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन बिड भारत सरकार के पार्टल **https://gem.gov.in/** के माध्यम से क्रय की जा सकती है।

| क्र. | विवरण एंव बिड नम्बर | ऑनलाईन बिड की प्रारंभिक तारीख | ऑनलाईन बिड की अंतिम तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid.No.Gem/2026/B/7537430date-13/05/2026 | 13.05.2026 | 25.05.2026 |

जेम बिड की शर्ते :-
1. निर्धारित सुरक्षा निधि काटी जावेगी, जो 12 माह पश्चात वापिस की जावेगी।
2. अनुबंध किया जाना आवश्यक होगा।
3. अमानत राशि 2 प्रतिशत देय होगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बम्हनी बंजर**

**आम सूचना**

मैं मनोज सोनी अधिवक्ता, न्यू शताब्दी लॉयर्स चेंबर नंबर 203, जिला न्यायालय मंडला (म.प्र.) का अपने पक्षकार रंजीत कुमार गोप पिता स्व. बहादुर लाल गोप, आयु 33 वर्ष, निवासी ग्राम ढेको, तहसील एवं जिला मंडला (म.प्र.) की ओर से यह आम सूचना पत्र प्रकाशित कर रहा हूं कि मेरे पक्षकार के पिता स्व. बहादुर लाल गोप वन विभाग में पदस्थ थे तथा पद पर रहते हुये उनकी मृत्यु हो गई थी जिस पर उनके पुत्र रंजीत कुमार गोप के द्वारा विधिवत अनुकंपा नियुक्ति हेतु वन विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। रंजीत कुमार गोप के संपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेजो में पिता के नाम पर गोप बहादुर लेख है, जबकि वन विभाग के दस्तावेजो में उनका नाम बहादुर लाल गोप दर्ज है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है जो मेरे पक्षकार के पिता है। यह सूचना पत्र इस कारण प्रकाशित कराया जा रहा है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह मेरे पते पर 15 दिनों में पेश कर सकता है। इसके पश्चात इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही विधि अनुसार संपादित की जावेगी।

भवदीय
मनोज सोनी (अधिवक्ता) यू-शताब्दी लॉयर्स चेंबर नंबर 203,
जिला न्यायालय मंडला (म.प्र.)
मो. नं. 9425485149

संपादकीय

## गहराते संकट की आहट

प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह देश से अपील की है और कुछ हिदायतें भी दी हैं, उनसे स्पष्ट है कि संकट गहरा रहा है। हालात सामान्य की परिधि से बाहर निकल चुके हैं। ईरान युद्ध का बेहद गंभीर असर भारत पर भी महसूस होने लगा है। प्रधानमंत्री ने कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान जैसी अपील कई बार की थी, उसी तरह वह अब कह रहे हैं कि कारपूलिंग करें, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें, जहां मेट्रो उपलब्ध है, वहां उसी से सफर करें और अधिक से अधिक विद्युत वाहनों का उपयोग करें। प्रधानमंत्री को यहां तक हिदायत देनी पड़ी है कि 'वर्क फ्रॉम होम' करें, ऑनलाइन बैठकें करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आज फिर 'जरूरत' बन गई है। गैर-जरूरी यात्राएं न करें और कमोबेश 1 साल के लिए विदेश में छुट्टी मनाने, घुमक्कड़ी करने और शादियां करने को स्थगित कर दें। यह देशहित में होगा। चाहे कोई भी त्योहार या घरेलू समारोह हो अथवा निवेश के मद्देनजर सोने की खरीद भी न करें। इससे विदेशी मुद्रा बचेगी, लिहाजा यह भी देशहित में होगा। बेशक प्रधानमंत्री मोदी की चिंताएं समझ में आ रही हैं। ईरान युद्ध समाप्त नहीं हो पा रहा है। युद्धविराम के ढोंग में जो हमले किए जा रहे हैं, वे युद्ध ही हैं। अमरीका और ईरान की अपनी-अपनी नाकेबंदी के वैश्विक प्रभाव सामने आ रहे हैं। अमरीका में ही पेट्रोल के दाम 7.5 फीसदी बढ़ गए हैं, जबकि अमरीका में तेल संकट नहीं है। ब्रिटेन में डीजल के दाम 33 फीसदी बढ़ाने पड़े हैं और घर को गरम रखने के लिए एलपीजी का उपयोग बंद कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया में नहाने में शॉर्ट शॉवर, सप्ताहांत में ही वाशिंग मशीन चलाने और सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट बंद करने जैसी कुछ व्यवस्थाएं देश पर लागू की गई हैं। चीन, फ्रांस, स्पेन, इटली जैसे देशों को भी पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम बढ़ाने पड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी आम उपभोक्ता के लिए पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम बढ़ाने की भूमिका तैयार कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत में कच्चे तेल के बड़े-बड़े कुएं नहीं हैं। हमें तेल आयात करना ही पड़ेगा। युद्ध के कारण और कच्चा तेल लगातार महंगा होने के कारण भारत की तेल कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपए माहवार का घाटा झेलना पड़ रहा है। हररोज का औसतन घाटा 1600 करोड़ रुपए का है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर जो टैक्स घटाया था, उससे ही सरकार को हर माह 14,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। भारत को तेल, गैस आदि विदेशों से आयात करने पड़ते हैं। अभी देश 93 लाख करोड़ रुपए का आयात कर रहा है। हमारा व्यापार घाटा भी करीब 11.3 लाख करोड़ रुपए सालाना है। आर्थिक और कारोबारी हालात, ईरान युद्ध के कारण, बदतर होते जा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को कोरोना महामारी जैसी अपील करनी पड़ी है। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यह हिदायत दोहराई है कि हर घर में तेल की मात्रा कम करें। ऐसा करने से स्वस्थ रहेंगे और देश पर भी खाद्य तेल आयात करने का बोझ नहीं बढ़ेगा। चूंकि ईरान युद्ध के कारण कच्चा तेल 50 फीसदी महंगा हो गया है, लिहाजा अब हमें तेल के आयात पर करीब 17 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। बोझ देश की अर्थव्यवस्था पर ही पड़ेगा। विश्व बैंक का आकलन है कि युद्ध के कारण 2026 में ऊर्जा की कीमतों में 24 फीसदी तक बढ़ोतरी होगी और वस्तुओं के दामों में 16 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। विश्व मंदी के कगार पर है, क्योंकि लगभग सभी देशों की आर्थिक गति धीमी हो गई है। प्रधानमंत्री साफ करें कि भविष्य में क्या होने वाला है, क्योंकि अब आम आदमी को भविष्य की चिंताने लगी है।

## डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनफिंग

# मुलाकात के कूटनीतिक मायने शेष दुनिया के लिए अहम

कमलेश पांडे

सफल कारोबारी से राजनेता बने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने हर रिश्ते को फायदे और नुकसान के नजरिये से देखते है, लेकिन कूटनीतिक इंजीनियर समझे जाने वाले चीन के अपने दौरे को लेकर उन्होंने केवल इतना भर कहा कि यह सिर्फ व्यापार नहीं, वैश्विक रणनीतिक संतुलन के लिए भी महत्वपूर्ण है। चूंकि अमेरिका और चीन एक दूसरे के सहयोगी और प्रतिस्पर्धी दोनों समझे जाते हैं, इसलिए लगभग एक दशक के अन्तराल पर हुई उनकी यह यात्रा के कूटनीतिक मायने अहम समझे जाते हैं, क्योंकि उनकी इस मुलाकात की सफलता और विफलता का असर पूरी दुनिया पर निःसंदेह पड़ेगा।

गौरतलब है कि पिछले साल यानी अक्टूबर 2025 में जब आखिरी बार ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात हुई थी, तब उनके बीच मुख्य मुद्दा टैरिफ था, लेकिन अब बदलते वैश्विक हालात में जाहिर तौर पर ईरान भी होगा। क्योंकि पश्चिम एशिया संकट ने दोनों देशों के लिए मुश्किलें बढ़ाई है। इसलिए स्वाभाविक बात है कि आपसी तनाव के बावजूद वे सहयोग का रास्ता तलाशने की कोशिश करेंगे। चूंकि लगभग एक दशक बाद यानी 2017 के बाद कोई अमेरिकी राष्ट्रपति 2026 में चीन पहुंचा है। हालांकि, टैरिफ वॉर की वजह से माना जाता है कि ट्रंप का रुख पेइचिंग को लेकर कठोर है।

समझा जाता है कि अपने पहले कार्यकाल में ही उन्होंने यानी ट्रंफ ने चीन से होने वाले आयात पर टैरिफ की घोषणा की थी। जबकि दूसरे टर्म में वह इस लड़ाई को और आगे ले गए और 125त्न तक भारी भरकम टैरिफ तक जड़ दिया। हालांकि दुनियावी रेयर अर्थ

**गौरतलब है कि पिछले साल यानी अक्टूबर 2025 में जब आखिरी बार ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात हुई थी, तब उनके बीच मुख्य मुद्दा टैरिफ था, लेकिन अब बदलते वैश्विक हालात में जाहिर तौर पर ईरान भी होगा। क्योंकि पश्चिम एशिया संकट ने दोनों देशों के लिए मुश्किलें बढ़ाई है।**

मिनरल्स पर चीनी नियंत्रण की वजह से आखिरकार ट्रंप को झुककर समझौता करना पड़ा था, अन्यथा उनका कारोबारी हित प्रभावित होता। ऐसे में टैरिफ वॉर भले थम गई हो, पर अमेरिका और चीन के बीच की पारस्परिक होड़ कायम है और वह नित्य नए स्वरूप में उभरकर सामने आ ही जाती है। चूंकि दोनों देश एक-दूसरे पर दबाव बनाने की कोशिश करते रहते हैं, पर इतना नहीं जिससे बात ज्यादा बिगड़े।

हाल के अमेरिका/इजरायल और ईरान युद्ध के दौरान भी कुछ यही देखने को मिला है। भले ही ईरान की आर्थिक व सामरिक मदद के आरोप में अमेरिका ने कुछ चीनी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की, और चीन ने भी पलटवार करते हुए वॉशिंगटन की नीतियों का विरोध किया, लेकिन सब कुछ नियंत्रण में रहकर हुआ। इसकी ठोस वजह उनकी आपसी निर्भरता और पारस्परिक जरूरत भी है, जिसे समझने की जरूरत है। आपको यह मालूम होना चाहिए कि चीन के लिए अमेरिका आज भी सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि इस साल चीनी निर्यात में करीब 10त्न की कमी आई है। चीन की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए यह झटका है।

दिलचस्प बात तो यह है कि खाड़ी देशों में भी चीन का निर्यात घटा है। मसलन, तेहरान (ईरान) का सबसे बड़ा तेल खरीदार



होने के नाते भी उसकी परेशानी बढ़ रही है। लिहाजा चीन चाहता है कि युद्ध जल्दी थमे। भारत की भी यही सोच है। वहीं दूसरी ओर, ट्रंप को ईरान पर समर्थन और निवेश के लिए चीन चाहिए। इसीलिए वह अपने साथ कई बड़े उद्यमियों को लेकर बीजिंग पहुंचे हैं। चूंकि अमेरिका इस दौरे से बड़ी डील की उम्मीद कर रहा है, खासकर बोइंग विमानों की। इसलिए आलोचकों को डर है कि कहीं ताइवान पर ट्रंप नरम न पड़ जाएं। अमेरिकी हित में वह ऐसा कर सकते है।

अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि इस समय दोनों रसूखदार नेता घरेलू मोर्चे पर विविध असहज स्थितियों में फंसे हुए हैं। लिहाजा उनकी कोशिश यही होगी कि इस मुलाकात से कुछ बड़ा हासिल किया जाए। यदि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं पारस्परिक सहयोग के रास्ते पर बढ़ती है और ईरान में शांति कायम होती है, तो यूक्रेन सहित सभी का फायदा होगा।

आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के चीन दौरे पर भारत की नज़र क्यों है?

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे पर दुनियाभर की निगाहें लगी हुई हैं। ऐसे में स्वाभाविक बात है कि भारत भी अपने दोनों प्रतिस्पर्धियों पर नजर रखेगा। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी इससे जुड़े एक सवाल पर कहा भी है कि भारत के कई देशों के साथ रिश्ते है। कई देशों के साथ साझेदारी आगे बढ़ रही है। चूंकि विभिन्न देशों के बीच इस तरह का दौरा होता रहता है और जब भी इस तरह के दौरे होते हैं तो भारत देखता है कि उसमें क्या बदलाव आया है- या फिर क्या गतिविधियां हुई। ऐसा इसलिए किया जाता है कि राष्ट्रहित के अनुरूप नीतियां संशोधित होती रहें।

चूंकि भारत हाल के वर्षों में अमेरिका भारत का अहम रणनीतिक साझेदार बनकर उभरा है। दूसरी ओर चीन भी भारत का अहम पड़ोसी देश है, जिसके साथ सीमा विवाद के बाद भी रिश्ते व्यवहारिक समझ पर वापस लौट रहे है। ऐसे में दोनों देशों के आपसी संबंध और इस दौरे के निष्कर्ष भी भारत पर असर डालेगा। अमेरिका और चीन के रिश्ते एक लंबे वक्त तक असहजता के दायरे में रहे, जिसके जियोपॉलिटिकल प्रभाव से भारत भी अछूता नहीं रहा है। ट्रंप का यह दौरा 2017 के बाद हो रहा है। चीन पहुंचने पर बुधवार को ट्रंप का स्वागत उपराष्ट्रपति ने किया, जो 2017 से अच्छा स्वागत होने को दर्शाता है।

चीन मामलो के जानकार बताते हैं कि भारत जानना चाहेगा कि ट्रंप और चिनफिंग के बीच बातचीत का क्या निष्कर्ष निकला। हाल के वर्षों में प्रशांत महासागर में जिस तरह चीन का प्रभाव बढ़ा है, इसी बैलेस ऑफ पावर के मद्देनजर अमेरिका और भारत रणनीतिक और सामरिक मुद्दों पर लगातार नजदीकी स्तर पर काम करते रहे। ऐसे में अमेरिका और चीन अपने सबंधों को अगर फिर से नया आयाम देने का फैसला करते है तो अमेरिका व चीन दोनों के रिश्तों के मुताबिक भारत को भी अपनी विदेश नीति में बदलाव करना होगा।

**वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक**

# पेपर लीक - तंत्र 'वीक'

23 लाख छात्र पेपर लीक होने के बाद नीट-यूजी परीक्षा रद्द किए जाने की खबर मिलने के बाद काफी हताश हैं। छात्र खुद को फिर से अनिश्चितता और चिंता के भंवर में फंसे हुए महसूस कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें फिर से परीक्षा की तैयारी करनी पड़ेगी। पेपर लीक होना कोई नई बात नहीं है। अब तक एनटीए द्वारा आयोजित 14 राष्ट्रीय परीक्षाओं में से कई बार पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले उजागर हो चुके हैं। इनमें से जेईई मेन्स 2025 उत्तर कुंजी के दोषपूर्ण होने पर प्रश्नपत्र में 12 प्रश्न वापिस लेने पड़े थे। देश में कई भर्ती परीक्षाओं में पहले ही बड़े घोटाले सामने आ चुके हैं। 3 मई को हुई नीट परीक्षा के बाद लाखों छात्र राहत महसूस कर रहे थे लेकिन कुछ ही दिनों बाद सोशल मीडिया पर गेस पेपर और पेपर लीक की चर्चाएं तेज होने लगीं। शुरूआत में तो इसे अफवाह माना गया लेकिन फिर राजस्थान से गिरफ्तारियों और हिरासत की खबरें सामने आने लगीं। मामला इतना बढ़ गया कि पूरी परीक्षा ही रद्द करनी पड़ी। परीक्षा रद्द होने के बाद सबसे ज्यादा असर उन छात्रों पर पड़ा है जो कई महीनों से तैयारी कर रहे थे। कई छात्र मानसिक दबाव में हैं। अभिभावकों की चिंता यह है कि अगर देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं तो मेहनती छात्रों का भरोसा कैसे कायम होगा। इसके साथ ही एनटीए के उद्देश्य और कार्यक्षमता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। नेशनल टैस्टिंग एजैंसी यानि एनटीए ने दावा किया था कि नीट परीक्षा को पूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत कराया गया है। सुरक्षा के लिए हाईटेक इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी भी तरह की नकल या पेपर लीक को रोका जा सके। प्रश्नपत्र भी जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों से भेजे गए थे। इतने बड़े पैमाने पर परीक्षा आयोजित करना निस्संदेह एक बड़ी चुनौती है। इस वर्ष की एनईईटी परीक्षा 550 से अधिक शहरों में लगभग 5,580 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। एनटीए ने प्रौद्योगिकी आधारित सुरक्षा उपायों के उपयोग पर जोर दिया है लेकिन परीक्षा से पहले प्रश्नपत्रों के कथित वितरण से पता चलता है कि एक त्रुटिरहित प्रणाली अभी भी दूर की बात है। 2024 एनईईटी विवाद के बाद केंद्र ने एनटीए के कामकाज में सुधार के लिए सुझाव देने हेतु पूर्व आईएसआरओ अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। एजेंसी ने अभी तक समिति द्वारा रेखांकित डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण को पूरी तरह से लागू नहीं किया है और इसकी सबसे महत्वपूर्ण सिफारिश-परीक्षा प्रक्रिया के सभी चरणों में जवाबदेही में सुधार पर अमल करने में ढिलाई बरती है। एनटीए निजी परीक्षा केंद्र संचालकों और लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं पर बहुत अधिक निर्भर है, जबकि झारखंड में 2024 एनईईटी परीक्षा सहित कई प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं ने इन विक्रेताओं और कोचिंग उद्योग के बीच संबंधों को उजागर किया है। साथ ही एजेंसी ने बाहरी संचालकों पर दोष मढ़कर विफलताओं के लिए संस्थागत जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा है।अब तक मिली रिपोर्टों के अनुसार प्रश्नपत्र प्रिंटिंग के समय ही लीक करने वालों के हाथों तक पहुंच चुका था। अगर ऐसा साबित होता है तो यह परीक्षा सुरक्षा में बहुत बड़ी चूक मानी जाएगी। गेस पेपर में दिए गए प्रश्नों में 120 से ज्यादा प्रश्नपत्र में शामिल प्रश्नों के हुबहू निकले। सोशल मीडिया के जरिये गैस पेपर लाखों छात्रों तक पहुंचे। एनटीए द्वारा जांच सीबीआई को सौंपने के बाद अब धड़ाधड़ गिरफ्तारियां की जा रही हैं। भ्रष्टाचार के बाजार में लाखों का लेन-देन भी सामने आ रहा है। प्रतिभाशाली छात्रों के सपने खंडित हो गए हैं लेकिन इस घटना को केवल कानून-व्यवस्था के उल्लंघन तक सीमित करना संस्थागत विफलता की भयावहता को कम आंकना होगा। यह राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) पर एक गंभीर आरोप है, जिसे देश की कुछ सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं के संचालन का दायित्व सौंपा गया है। 2017 में परीक्षा को पेशेवर बनाने के उद्देश्य से गठित एनटीए को प्रक्रियाओं को मानकीकृत करने और खंडित राज्य-स्तरीय प्रणालियों की विसंगतियों को दूर करने का दायित्व सौंपा गया था। इसके विपरीत, पेपर लीक और अनियमितताओं के बार-बार लगने वाले आरोपों से इसका रिकॉर्ड लगातार धूमिल होता रहा है। नवीनतम एनईईटी विवाद दो वर्षों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा से जुड़े दूसरे बड़े विवाद ने उन परीक्षाओं की पवित्रता की रक्षा करने की एजेंसी की क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिन पर हजारों युवाओं का भविष्य टिका है। यद्यपि एनटीए ने दुबारा परीक्षा कराने के लिए दुबारा शुल्क और फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत कोखत्म कर दिया है लेकिन बार-बार होने वाले घोटालों ने नीट की वर्तमान उपयोगिता पर ही सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। यह भी सवाल उठ रहा है कि 3 घंटे की परीक्षा में 180 बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर किसी युवा की डॉक्टर बनने की योग्यता का आंकलन कैसे किया जा सकता है। कोचिंग संस्थान रटने को ही अधिक महत्व दे रहे हैं। **- आदित्य नारायण चौपड़ा**

# केरलम में वीडी सतीशन: जमीनी योद्धा का सम्मान



**डॉ. सुधीर सक्सेना**
स्वतंत्र पत्रकार

वदासरी दामोदरन (वीडी) सतीशन अब साक्षर-राज्य केरलम के मुख्यमंत्री होंगे। दस दिनों की माथा-पच्ची और रायशुमारी के उपरांत अंततः 14 मई को दिल्ली में उनके नाम का ऐलान हो गया। गुरुवार की सुबह सुश्री दीपा दासमुंशी के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों मुकुल वासनिक और अजय माकन तथा वरिष्ठ नेता जयराम रमेश की मौजूदगी में इस आशय की घोषणा से अंततः अटकलों का कुहासा छंट गया और यह स्पष्ट हो गया कि पार्टी नेतृत्व अपने जमीनी योद्धा का चयन करने के मूड में है और केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला कुर्सी की दौड़ में पिछड़ गये हैं। यह ऐलान इसलिये भी मानीखेज था, क्योंकि यह खबर छनकर आ रही थी कि निर्वाचित विधायकों का बहुमत वेणुगोपाल के साथ है, जिन्हें पार्टी में दिल्ली की किल्ली के नजदीक माना जाता है। लेकिन बुधवार की शाम पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के माकन, दासमुंशी और वासनिक से विमर्श ने सतीशन का नाम आगे कर दिया। इसके बाद घड़ी के कांटे तेजी से घूमे। गुरुवार की सुबह राहुल गाँधी ने केसी वेणुगोपाल से चर्चा की। तकरीबन तीस मिनट की बातचीत में राहुल अपने निकट सहयोगी को दौड़ से हटने के



लिये मनाने में सफल रहे और इसके कुछ घंटो बाद विधिवत वीडी के नाम की घोषणा कर कर दी गयी। 31 मई, सन 1964 को नेत्तूर में जनमे सतीशन खाँटी कांग्रेसी नेता हैं। छात्र जीवन में वह एनएसयूआई से जुड़ गये। सन 1986-87 में वह महात्मा गाँधी विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे। यूनिवर्सिटी आफ केरल से उन्होंने एलएलएम किया और हाईकोर्ट में दस साल प्रैक्टिस। सन 1996 में उन्होंने परवूर से असेंबली का पहला चुनाव लड़ा, लेकिन प्रथम ग्रासे मक्षिकापातः की तर्ज पर वह सीपीआई के पी. राजू से हार गये। सन 2001 के चुनाव में उन्होंने राजू हिसाब चुकता किया और इसके बाद क्रमशः केएम दिनकरन, रवीन्द्रन, शारदा मोहन और एमटी निक्सन जैसे नेताओं को हरा कर लगातार असेंबली में पहुंचे। सन 2021 में रमेश चेन्निथला के स्थान पर नेता प्रतिपक्ष बने और तदंतर विधानसभा के भीतर और बाहर अपनी सक्रियता से सबका ध्यान आकृष्ट किया। केरलम के कांग्रेस नेताओं में वह संघर्ष, साख और सक्रियता के मामले में सबसे आगे हैं। कोट्टायम के वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक निजाम सैयद के मुताबिक सतीशन इज द बेस्ट च्वॉयस फॉर चीफ मिनिस्टरशिप। जनभावनाओं का ज्वार उनके साथ है और कार्यकर्ता उनके पीछे। आखिर क्या वजह है कि निजाम व अन्य मलयाली पत्रकार सतीशन को सर्वोत्तम पसंद निरूपित कर रहे हैं वजह साफ है। सतीशन जमीनी योद्धा है और आडंबर से कोसों दूर। वह कुशल और प्रभावशाली वक्ता हैं और उन्हें सुनना सांद्र अनुभव से गुजरना है। वह लेखक तो नहीं, अलबत्ता गंभीर पाठक हैं और साहित्यिक जलसों में उन्हें आग्रहपूर्वक बुलाया जाता है। आधुनिक मलयाली साहित्य में उनकी गहरी रूचि है और वह जेन-जी में बेहद लोकप्रिय है। उन्हें सियासी नजूमी भी माना जा सकता है, क्योंकि चुनावों में उनकी भविष्यवाणियाँ खरी उतरती रही हैं। इस दफा तो उन्होंने सार्वजनिक ऐलान कर कर दिया था कि यदि यूडीएफ को सौ से कम सीटें मिलीं तो वह राजनीति सन्यास ले लेंगे। केरलम में काँग्रेसनीत गठबंधन को जिताने में उन्होंने रात-दिन एक कर दिया। पार्टी में उन्हें टास्क मास्टर माना जाता है और इसके चलते वह प्रियंका और राहुल के विश्वासपात्र बनकर उभरे। मासांत में वह अपना 62वीं वर्षगांठ बतौर सीएम मनायेंगे। उनका टास्क मास्टर होना यकीनन उम्मीदें जगाता है। त्रिवेंद्रम और दिल्ली में चले दस दिनी घटनाक्रम ने यह भी दर्शा दिया कि महत्वाकांक्षी शशि थरूर के नाम पर कहीं कोई विचार नहीं किया गया।

**स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से आज तक बंगाल में कांग्रेस, वामपंथ और तृणमूल की सरकारें रहीं जो तुष्टिकरण में आकंठ डूबी रहीं और हिंदुओ को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया। स्थितियां इतनी विकट हो गयी थीं कि बंगाल की धरती पर जय श्रीराम बोलने पर नफरत का कहर टूट पड़ता था।**

# बंगाल में 'शुभ राज' के साथ सनातन का सूर्योदय

मृत्युंजय दीक्षित

पश्चिम बंगाल में 69 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार प्रथम सरकार शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में कार्यभार ग्रहण करके काम पर लग गयी है। बंगाल में बीजेपी की विजय बहुत बड़ी व ऐतिहासिक है। बंगाल ही नहीं भारत के अन्य भागों में भी इस विजय का आनंद दिखाई वातावरण दे रहा है। इस विजय के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्नाटक, तेलंगना और गुजरात के दौरे में जो भीड़ उमड़ रही है उससे स्पष्ट रूप से जनसामान्य और भाजपा कायकर्ताओं के उत्साह का अनुमान लगाया जा सकता है। बंगाल विधानसभा चुनावों मे हिंदू समाज ने पहली बार बांग्लादेशी घुसपैठ और मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के विरुद्ध एकजुट होकर मतदान किया और जिसका परिणाम आज पूरा भारत देख रहा है।

बंगाल की जिस धरती पर 75 वर्ष पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की वैचारिक नींव रखी थी उसी बंगाल में पहली बार भाजपा 27 सीटों के साथ सत्ता के शिखर पर पंहुची और भगवा वस्त्रों में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बंगाल की कैबिनेट में अभी पांच मंत्रियों को ही शपथ दिलाई गई है, जिसमें बंगाल में भाजपा का संगठन खड़ा करने में अहम भूमिका निभाने वाले दिलीप घोष, फैशन डिजाइनर से बंगाल भाजपा की सबसे मुखर नेत्री बनी अग्निमित्रा पॉल जिन्होंने तृणमूल के खिलाफ आक्रामक मोर्चा संभाला, बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी मतुआ समुदाय के प्रमुख चेहरे अशोक कीर्तनिया जो उत्तर 24 परगना जिले के भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे इलाको में भाजपा के जमीनी संगठनकर्ता के रूप मे अत्यंत सक्रिय रहे हैं, छात्र राजनीति से उभरे नेता निशीथ प्रामाणिक जो 2019 में भाजपा से जुड़े और जंगल महल के आदिवासी समुदाय के बड़े नेता खुदीराम टुडू शामिल हैं। अभी इस मंत्रिमंडल है का विस्तार होना बाकी है। बंगाल में शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भारत श्रेष्ठ भारत



की संकल्पना के अनुरूप लघु भारत के भव्य दर्शन हो रहे थे तथा भविष्य की राजनीति के संकेत भी मिल रहे थे।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से आज तक बंगाल में कांग्रेस, वामपंथ और तृणमूल की सरकारें रहीं जो तुष्टिकरण में आकंठ डूबी रहीं और हिंदुओ को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया। स्थितियां इतनी विकट हो गयी थीं कि बंगाल की धरती पर जय श्रीराम बोलने पर नफरत का कहर टूट पड़ता था। आज उसी बंगाल में जब जयश्रीराम के नारे गूंज रहे हैं तो बंगाल का हर सनातनी खुशी से सराबोर हो रहा है। बंगाल में भाजपा सरकार आने से पश्चिम बंगाल के हिन्दुओं को तुष्टिकरण की दमनकारी नीतियों और भय के माहौल से आजादी मिली है। यह विजय केवल सत्ता का परिवर्तन नही अपितु बंगाल के पुनरुत्थान का शंखनाद है। अब बंगाल सही मायने में सोनार बांग्ला बनने की ओर अग्रसर होगा। भाजपा नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व आर्थिक उत्थान के नए दौर मे प्रवेश करेगा।

हार की कुंठा से ग्रसित तृणमूल व विरोधी दलों के नेता अभी भी एसआईआर, चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षाबलों वाले आरोप दोहरा रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि भाजपा ने यह चुनाव लम्बे संघर्ष और अपने कार्यकर्ताओं के बलिदान के बाद जीता है। तृणमूल के राज में वर्ष 2011 से 2025 के बीच भाजपा के 321 कार्यकर्ता मारे गए, उनके विरुद्ध हुई हिंसा में हजारों घर उजाड़ दी गए, भाजपा व संघ के किसी कार्यकर्ता को बम से उड़ाया गया किसी को पेड़ से लटकाया गया। 2021 में तो भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति तृणमूल के लोगों ने क्रूरता की सभी सीमाएं लांघ दी थीं। नंदीग्राम से लेकर वीरभूम तक, कूच बिहार हो या वशीर हाट चुनाव के बाद बदले के नाम पर पूरे-पूरे गांव खाली करवा दिए गए थे। 2021 की चुनावी हिंसा में हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए किंतु ममता सरकार उन सभी में अड़ंगा डालती रही। आज संदेशखाली से आर जी कर कांड तक सभी पीड़ित परिवारों के मन में एक नया सबेरा आया है कि अब न्याय होकर रहेगा। बंगाल के हिंदू जनमानस को नयी सरकार पर भरोसा है इसलिए नई सरकार को भी अत्यंत तत्परता और सतर्कता के साथ संकल्प पत्र को पूरा करना होगा। नई सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट की पहली बैठक में जो निर्णय लिए हैं उनसे उसकी गंभीरता तथा बंगाल की जनता के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है।

नई सरकार के पहले फैसले- शुभेंदु मंत्रिपरिषद ने अपनी पहली बैठक में ही कई बड़े निर्णय लिए हैं। जिनमें आयुष्मान भारत योजना को बंगाल में लागू करना, भारतीय न्याय सहिंता के तीन कानूनों को लागू करना, बीएसएफ को सीमावर्ती क्षेत्रों में 45 दिनों के अन्दर जमीन स्थानांतरित करना शामिल है। ममता बनर्जी की सरकार इन सभी कार्यों में लगातार अड़ंगा ही डालती रही थी।

# दादा महाराज मंदिर में सामूहिक विवाह संपन्न



## 15 जोड़ों ने पाया दादा दुल्हा देव का आशीष

## श्रद्धा, उत्साह से हिंदू सामूहिक विवाह संपन्न

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

दादा दूल्हा देव महाराज मंदिर डोकरघाट में सामूहिक सरल विवाह के आयोजन में 15 जोड़ो का विवाह आनंदपूर्वक उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री दादा दुल्हा देव महाराज मंदिर द्वारा आयोजन पूर्व आवेदकों से प्राप्त जानकारी का सत्यापन करने के बाद 15 जोड़ों को पात्र पाया गया। शुभ मुहूर्त में सभी हिंदू सनातन धर्म के संस्कारों के साथ पूरे परंपराओं को शामिल करते हुए विवाह संपन्न हुए।

इसमें दादा दूल्हा देव महाराज मंदिर लोक न्यास समिति द्वारा सभी व्यवस्थाएं मंदिर परिसर में की गई थी।मंदिर की सज सज्जा विशेष रूप से की गई थी।सर्व प्रथम ट्रस्टीजन सुनील कोठारी, श्याम मुंशी, प्रह्लाद पटेल,मालक पटेल,संतोष पटेल ,बाबूलाल पटेल सहित सभी सेवादारों ने सभी वर वधु पक्षों का आत्मीय स्वागत किया। श्री रामशंकर वर्मा,श्री मनोज सोनी सहित गायत्री परिवार के परिजनों,बहिनों ने बहुत सुंदर भावों के साथ बुराइयों से दूर रहकर जीवन में अच्छे संस्कारों को अपनाने के संकल्प से विवाह संपन्न कराया।इसमें गोटेगांव विधायक श्री महेंद्र नागेश,वरिष्ठ समाज सेवी श मैथिलीशरण तिवारी, महंत पीतमपुरी, संध्या कोठारी, नीरज नेमा और दीपक नेमा सराफ तथा श्रीराम पटेल, खुमान सिंह पटेल, सुधीश पटेल,अर्जुन पटेल,राधेश्याम अगशिया आदि ने सम्मिलित होकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। टी आई स्टेशन थाना,यातायात थाना,नगरपालिका नरसिंहपुर अन्यगणमान्य नागरिक ने सम्मिलित होकर वर वधु को अपना आशीर्वाद प्रदान किया ।विधायक महेंद्र नागेश ने अपनी ओर से भी वर वधु को उपहार दिए। मंदिर परिसर में प्रसाद आदि के दुकान संचालकों द्वारा भी विभिन्न उपहार,भेंट वर वधु को प्रदान कर आशीर्वाद दिया। आयोजक मंदिर समिति ने विदाई में वर वधु को पायल,बिछुड़ी,मंगलसूत्र और बर्तन प्रदान किए ।दादा दुल्हा देव महाराज के जयकारों के साथ सभी जोड़ो ने मंदिर की परिक्रमा कर दादा महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया ।सभी गणमान्य जनों, बाराती जनों,वधु पक्ष सहित उपस्थित जानो को प्रसाद व स्नेह भोज के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ ।सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगी भक्त जनों का आभार समिति अध्यक्ष इंजी सुनील कोठारी द्वारा किया गया।



## शनि जयंती पर विविध आयोजन 16 मई को

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय बोदरी नाका स्थित शनि मंदिर मे 16 मई दिन शनिवार को शनि जयंती मनाई जाएगी। इस दिन विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायँगे। मंदिर समिति के प्रहलाद उपाध्याय ने बताया कि शनि जयंती के दिन सुबह से ही मंदिर मे तेलाभिषेक, पूजन, हवन एवं आरती आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके अलावा समय दोपहर 12 बजे से रात तक प्रसादी वितरण का आयोजन किया जायेगा। शनिदेव भक्त मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से भगवान श्री शनिदेव के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## चावरा विद्यापीठ, 12वीं सीबीएसई परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नरसिंहपुर स्वतंत्रमत।** चावरा विद्यापीठ, नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा 2026 में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया। विज्ञान संकाय में महिमा विश्वकर्मा ने 94.2त्न अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहीं वाणिज्य संकाय में मिहिर आचार्य ने 93.4त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अनेक विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन समिति एवं समस्त स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम, समर्पण और उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था का परिणाम है।चावरा विद्यापीठ परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएँ।

## आरोपी पर पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित

**उमरिया स्वतंत्रमत ।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने थाना मानपुर उमरिया के अपराध क्रमांक 120/2026 धारा 137 (2) बी एन एस अपहता वार्ड नंबर 8 पत्तिहाई टोला मानपुर कि दस्तयाबी पर उदघोषणा कि है कि जो कोई ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर दस्तयाबी या गिरफतारी संभव हो , उसे पांच हजार रूपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक जिला उमरिया का निर्णय अंतिम होगा ।

## युवा संगम रोजगार मेला 15 मई को

**उमरिया स्वतंत्रमत ।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 15 मइ को सुबह 11 बजे से शासकीय आईटीआई उमरिया में आयोजित किया गया है। मेले में रावया फ्रोर्स प्राइवेट, एमआरएफ टायर गोवा, श्री राम फायनेंस, एसबीआई इंशोरेंस उमरिया, प्रथम एजुकेशन जबलपुर, वर्धमान मंडी दीप भोपाल, एलआईसी उमरिया, टी एस पी एल ग्रुप पुणे, परफेक्ट सलूशन सर्विसेज अहमदाबाद, एग्रीकल्चोर लिमिटेड, सेफ इंटेलिजेंट सिक्युरिटी सर्विस भिलाई कि कंपनी भाग लेंगी।

## जिला कौशल समिति की बैठक 18 मई को

**उमरिया स्वतंत्रमत** – जिले मे कौशल विकास की विभिन्नि योजनाओं मे आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु योजनाओ की मानीटरिंग हेतु जिला कौशल विकास समिति की बैठक 18 मई को समय सीमा की बैठक पश्चात आहूत की गई है।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

## जंगल में कुल्हाड़ी से की थी हत्या मानव हड्डियों से हुआ खुलासा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री आलोक मिश्रा की अदालत ने हत्या के एक चर्चित मामले में आरोपी दुर्गेश पर्ते को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने सत्र प्रकरण क्रमांक 232/25 में फैसला सुनाते हुए आरोपी पर हत्या का अपराध सिद्ध माना ।मामले के अनुसार 7 अगस्त 2025 को ग्राम जेरा निवासी संतोष गौड़ गाय-भैंस चराने जंगल गया था, लेकिन रात तक घर वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसकी पत्नी त्रिवेणी ने थाना मुंगवानी में गुमशुदगी दर्ज कराई। जांच के दौरान एक अहम गवाह अमर सिंह ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन शाम करीब 5 बजे उसने जंगल में संतोष और आरोपी दुर्गेश के बीच विवाद होते देखा था। गवाह के अनुसार विवाद के दौरान आरोपी ने संतोष पर कुल्हाड़ी से हमला किया।

शुरुआती जांच में पुलिस को घटनास्थल से कोई ठोस सबूत नहीं मिला, लेकिन बाद में 22 सितंबर 2025 को बाघचेतरा नाला के पास एक फुल शर्ट, अंडरवियर और अलग-अलग स्थानों पर मानव हड्डियां बरामद हुईं। डीएनए जांच में पुष्टि हुई कि बरामद हड्डियां मृतक संतोष गौड़ की ही थीं।न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस जांच और एफआईआर में हुई देरी विवेचना की कमी हो सकती है, लेकिन इसका लाभ आरोपी को नहीं दिया जा सकता। अदालत ने गवाहों के बयान, कपड़ों पर मिले कट के निशान और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए हत्या को संदेह से परे प्रमाणित माना ।मामले में शासन की ओर से लोक अभियोजक धर्मेंद्र मगर ने पैरवी की।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का आगमन आज

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर आज 15 मई को नरसिंहपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे, उक्त जानकारी देते हुए भाजयुमो के जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, युवा संवाद,, युवा जनप्रतिनिधि बैठक,सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर ,जिला बैठक सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे, भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन ने युवा कार्यकर्ताओं सहित भाजपा जन से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# नरसिंहपुर की बिटिया ने जबलपुर में अपना परचम लहराया

## पत्रकार बृजेश दीक्षित की बिटिया ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में हासिल किये 94 प्रतिशत अंक

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

जिले के क़स्बाई ग्राम आमगांव बड़ा की बिटिया ने संस्कारधानी जबलपुर मे सफलता का परचम लहरा दिया है ।जिले के वरिष्ठ पत्रकार बृजेश दीक्षित एवं श्रीमती प्रतिमा दीक्षित की बिटिया सुश्री राशि दीक्षित ने अपनी अटूट मेहनत व लगन से सीबीएसई 12 वी कामर्स संकाय की परीक्षा 94 प्रतिशत अंकों से उत्तरीण कर गौरवपूर्ण उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है।सबसे ख़ास बात यह है की राशि ने 12 वीं कक्षा मे कोई कोचिंग नहीं की और घर पर पढ़कर ही यह सफलता अर्जित की है।गौरतलब हो की राशि आमगांव बड़ा के प्रतिष्ठित दीक्षित परिवार की सदस्य एवं सेवानिवृत ई ई रजनीश, सेवानिवृत डीएसपी धर्मेश दीक्षित, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मे कार्यरत अखिलेश दीक्षित, प्रवीण दीक्षित, अभिषेक दीक्षित, प्रशांत दीक्षित एवं नितिन दीक्षित की भतीजी है।नरसिंहपुर के वरिष्ठ पत्रकार और राशि के पिता बृजेश दीक्षित का कहना है की यह सफलता राशि और उनकी माँ प्रतिमा की अटूट मेहनत एवं राशि के गुरुजनों के मार्गदर्शन व प्रयास से ही सम्भव हुई है। उन्होंने इस सफलता को अपने बड़े पिता जी स्व. श्याम सुंदर दीक्षित, रविशंकर दीक्षित, उमाशंकर दीक्षित, राशि की दादी विमला दीक्षित, गिरजाशंकर दीक्षित एवं रमाशंकर दीक्षित का आशीर्वाद बताया है ।इस अवसर पर राशि के परिजनों, गुरुजनो व शुभचिंतको द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुये उनके उज्जवल व स्वर्णिम भविष्य हेतु निरंतर शुभकामनाएं और बधाइयाँ प्रेषित की जा रही है ।

# शिशु मंदिर की बृहद श्रृंखला में आत्म ज्योति से पुलकित आचार्य : प्रह्लाद पटेल

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर योजना की बृहद श्रृंखला में शहरी ग्रामीण वनवासी और सेवा प्रकल्प चल रहे हैं संस्कृति को बचाने का कार्य करने वाले आचार्य गुरु तत्व का बोध करते हुए आत्म ज्योति से पुलकित स्वयं प्रकाशित हो आत्म बल सादगी सेवा द्वारा समाज में ज्ञान ज्योति का प्रकाश फैला रहे हैं युग परिवर्तन के अकाट्य सिद्धांत को मूल सुधार, भूल सुधार द्वारा निर्विकार गुरु ही कर सकता है उक्त उदगार प्रहलाद पटेल पंचायत ग्रामीण विकास श्रम मंत्रालय मध्य प्रदेश सरकार व नरसिंहपुर विधायक द्वारा सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में दिनांक 13 मई 2026 को प्रांतीय शिशु वाटिका सामान्य /दक्षता प्रशिक्षण वर्ग में शिशु वाटिका प्रशिक्षण प्राप्त कर रही मातृशक्ति दीदियों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किये विशिष्ट अतिथि माननीय जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री, रामसनेही पाठक भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष , शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग प्रांत एवं क्षेत्र संयोजक माननीय प्रभात सिंह, प्रांत सह संयोजिका श्रीमती संतोषी सोनी , वर्ग संयोजिका श्रीमती कुमुद रानी दुबे ,व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह ममार, उपाध्यक्ष संजय दुबे सदस्य अजय प्रताप सिंह, मनीष कटारे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत पीतमपुरी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन सरस्वती ओम भारत माता पूजन पश्चात अतिथि परिचय, स्वागत शाल श्रीफल से व्यवस्थापक माननीय ममार ने व स्वागत गीत श्रीमती संध्या मिश्रा , वर्ग गीत प्रशिक्षिका नेहा पाटकर द्वारा प्रस्तुति दी गई प्रांत शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग सह संयोजिका श्रीमती सोनी द्वारा विद्या भारती सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत द्वारा 5 मई से 20मई तक संचालित शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग प्रतिवेदन तथा व्यवस्थापक माननीय ममार ने विद्यालय वृत्त प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में डोम का निर्माण करने के लिए सहयोग राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया उनके निवेदन पर नरसिंहपुर के यशस्वी विधायक माननीय पटेल ने 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की व्यवस्थापक ममार द्वारा आभार प्रदर्शन उपरांत अतिथिगण द्वारा प्रशिक्षार्थी दीदियों को स्मृति उपहार से पुरस्कृत किया मंचासीन अतिथिगण द्वारा शिशु वाटिका 12 शैक्षणिक व्यवस्था से संबंधित क्रियाकलापों के अंतर्गत शिशु वाटिका उद्यान व कक्षा कक्ष में पहुंचकर जीवंत शिशु वाटिका का अवलोकन किया इस अवसर पर पूर्व छात्र अभिषेक नेमा , अंशुल नेमा, मयंक जैन , शांतनु साहू ,मीडिया जगत से जुड़े गणमान्य नागरिक गण व भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर अवैध बोर उत्खननकर्ताओं पर कार्रवाई

## वाहन मालिक सहित भू-स्वामियों पर दर्ज होगी एफआईआर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर नवीन नलकूप (बोर) खनन पर लगाये गये प्रतिबंध का उल्लंघन कर नियम विरूद्ध नलकूप खनन के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त रूख अपनाया है। एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी ने ग्राम सैदा में अवैध उत्खनन कराने वाले व्यक्तियों, संबंधित भू-स्वामियों तथा खनन में प्रयुक्त वाहन के खिलाफ रीठी थाना प्रभारी को प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई तहसीलदार रीठी एवं पटवारी हल्का नंबर 32 की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें स्पष्ट रूप से अवैध उत्खनन की पुष्टि हुई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी द्वारा 25 मार्च को जारी आदेश के तहत पूरे कटनी जिले को 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इस अवधि में बिना पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार के नए निजी नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जांच के दौरान सामने आया कि ग्राम सैदा के खसरा नंबर 391/3 (रकबा 0.44 हेक्टेयर) पर 5 मई की रात खुशीराम पिता हिसाबी द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अवैध बोर कराया गया। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में खुशीराम, राजाबाई, किशनबाई एवं बूंदाबाई के नाम दर्ज है। इसी प्रकार, खसरा नंबर 860 पर 4 मई की रात दशरथ पिता कपूर लोधी द्वारा अवैध उत्खनन कराया गया, जो वर्तमान में सुरेश पिता किसुवा के नाम दर्ज भूमि है।

# बीडी अग्रवाल वार्ड में जर्जर भुवन को ढहाने की कार्रवाई

## मजदूरों की मदद से हटाया जा रहा मलबा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर के रिहायशी इलाकों में स्थित खतरनाक और जर्जर भवनों के विरुद्ध नगर निगम ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित पुराने गुजराती होटल वाले जर्जर भवन को गिराने का कार्य शुरू किया गया। प्रशासनिक अमला सुबह ही मौके पर पहुंच गया था, लेकिन भवन तक भारी मशीनरी या बुलडोजर ले जाना संभव नहीं था। होटल के पास की गली काफी सकरी होने के कारण मशीनों के उपयोग में बाधा आ रही थी। स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने मैनुअल श्रमिकों मजदूरों के माध्यम से काम शुरू कराया है।

# स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 18 मई को

**उमरिया स्वतंत्रमत**- मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार नगरीय निकाय, पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026 का प्रारूप प्रकाशन 18 मई को किया जाना है, जिसके संबंध में 18 मई को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। बैठक मे सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

# गोटीटोरिया (ईस्ट एवं वेस्ट) कोल खदान की पारदर्शिता पर उठे सवाल

## आरटीआई में खुलासा, कोल ब्लॉक आवंटन प्रि या पर उठे गंभीर सवाल

## वाणिज्यिक गोपनीयता का हवाला देकर महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जानकारी रोकी गई।

## पर्यावरण और जनहित से जुड़ी रिपोर्टों को सार्वजनिक करने से विभाग ने इंकार

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में स्थित गोटीटोरिया (ईस्ट एवं वेस्ट) कोल ब्लॉक से जुड़ी जानकारी आरटीआई के माध्यम से मांगे जाने के बाद अब पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरटीआई कार्यकर्ता हर्षित राय द्वारा भारत सरकार के कोयला मंत्रालय में दायर सूचना के तहत इस खदान से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां मांगी गई थीं, लेकिन विभागीय जवाबों में अधिकतर सूचनाएं च्तृतीय पक्ष की गोपनीयताज् और च्वाणिज्यिक हितोंज् का हवाला देकर उपलब्ध नहीं कराई गईं। आरटीआई आवेदन संख्या स्न्ह्रस्नश्च/26/00085 के तहत पूछा गया था कि गोटीटोरिया (ईस्ट एवं वेस्ट) कोल खदान किस कंपनी को आवंटित की गई है, किस शर्त पर आवंटन हुआ है और इसकी अवधि क्या है। इसके जवाब में मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह कोल ब्लॉक मेसर्स बोल्डर स्टोन मार्ट प्राइवेट लिमिटेड को कोल माइंस (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2015 के तहत आवंटित किया गया है तथा कोल माइन डेव्हलपमेंट एण्ड प्रोडक्शन एग्रीमेंट (सीएमडीपीए) 11 जनवरी 2021 को निष्पादित हुआ है। साथ ही यह भी बताया गया कि खदान की अवधि खनन पट्टे और खदान की आयु पर आधारित होगी।



हालांकि, आवंटन की विस्तृत शर्तें, कीमत, वाणिज्यिक समझौते और अन्य वित्तीय प्रावधानों की जानकारी देने से विभाग ने इनकार कर दिया। इसके पीछे आरटीआई अधिनियम 2005 की धारा 11 और 8(1)(स्र) का हवाला दिया गया, जिसके तहत तृतीय पक्ष की सहमति और वाणिज्यिक गोपनीयता को आधार बनाते हुए सूचना को सार्वजनिक करने से रोका गया।

इसी प्रकार, खदान के कुल क्षेत्रफल से संबंधित जानकारी दी गई कि उत्पादन हेतु 249.246 हेक्टेयर क्षेत्र स्वीकृत माइनिंग प्लान के अंतर्गत आता है, लेकिन पर्यावरणीय रिपोर्ट, माइनिंग प्लान की पूर्ण प्रति तथा विभिन्न प्रकार के क्लियरेंस दस्तावेजों को साझा करने से भी इंकार कर दिया गया।

आरटीआई कार्यकर्ता का आरोप है कि जब खनन कार्य सार्वजनिक संसाधनों से जुड़ा हुआ है और पर्यावरण, रोजगार तथा राजस्व पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है, तो ऐसी महत्वपूर्ण जानकारियों को छुपाना पारदर्शिता के सिद्धांतों के खिलाफ है। उनका कहना है कि खदान से जुड़ी पर्यावरणीय स्वीकृतियां और माइनिंग प्लान जनता के हित से जुड़े दस्तावेज हैं, जिन्हें गोपनीय नहीं माना जा सकता।

दूसरी ओर, विभागीय स्तर पर यह तर्क दिया जा रहा है कि व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा और तृतीय पक्ष की आपत्तियों के कारण कुछ सूचनाएं साझा नहीं की जा सकतीं।

इस पूरे मामले ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या खनन जैसे बड़े और सार्वजनिक प्रभाव वाले क्षेत्रों में च्वाणिज्यिक गोपनीयताज् का हवाला देकर सूचना को रोका जाना उचित है या फिर आरटीआई के मूल उद्देश्य पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

स्थानीय स्तर पर भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पर्यावरण विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि खनन परियोजनाओं से संबंधित जानकारी को छुपाना जनहित के खिलाफ हो सकता है, क्योंकि इससे पर्यावरणीय प्रभाव और प्रशासनिक जवाबदेही दोनों प्रभावित होते हैं।

फिलहाल यह मामला सूचना के अधिकार के दायरे और सरकारी पारदर्शिता की सीमाओं पर एक महत्वपूर्ण सवाल बनकर सामने आया है।

# बुजुर्गों का मिला आशीर्वाद वरिष्ठजनों ने किया भूमिपूजन

## जाकिर हुसैन वार्ड में विकास कार्यों का हुआ शंखनाद

कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर को सुंदर, आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त बनाने के संकल्प के साथ नगर निगम ने विकास का एक नया अध्याय लिखा है। महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद रेखा संजीव तिवारी एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की विशेष मौजूदगी में डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित डेहर लाइन में विभिन्न स्थानों पर लगभग 12 लाख की लागत से होने वाले पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम बुधवार 13 मई को संपन्न हुआ। यह कार्य क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती प्रदान करेगा तथा नागरिकों को आवागमन में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगा।



### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरिष्ठजनों ने किया भूमिपूजन

भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन वार्ड स्थित प्रसिद्ध दुर्गा देवी मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद वार्ड के वरिष्ठजन अशोक शर्मा एवं सुभाष गर्ग के करकमलों से विधि-विधानपूर्वक और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्य संपन्न कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क एवं आवागमन व्यवस्था नागरिक सुविधाओं से सीधे जुड़ा विषय है। पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा वार्ड की सुंदरता और स्वच्छता में भी वृद्धि होगी।

**वार्डवासियों की पुरानी मांग हुई पूरी: क्षेत्रीय पार्षद**- क्षेत्रीय पार्षद रेखा संजय तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि वार्डवासियों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी। जनता की आवश्यकता को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दिलाई गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वार्ड के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए उनके प्रयास आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेंगे।

### बुजुर्ग महिलाओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों द्वारा महापौर एवं क्षेत्रीय पार्षद का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसी दौरान एक बेहद भावनात्मक एवं आत्मीय दृश्य देखने को मिला, जब महापौर ने वार्ड की बुजुर्ग महिलाओं को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस विकास कार्य के शुभारंभ अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार सहित पार्षद शकुंतला सोनी, संजय तिवारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक व मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### श्री रामजानकी हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

भूमिपूजन कार्यक्रम के उपरांत महापौर एवं अन्य जनप्रतिनिधि श्रीरामजानकी हनुमान वार्ड स्थित श्री रामजानकी हनुमान मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान के दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि मंदिर का यह वार्षिक उत्सव प्रतिवर्ष 13 मई को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# विधायक संजय पाठक ने की उदयनिधि स्टालिन पर एफआईआर की मांग



### सनातन धर्म के विरुद्ध अपमानजनक एवं भड़काऊ बयान देने पर हिंदू भावनाएं आहत होने विधायक एवं हिंदू समाज ने दिया कार्यवाही का ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्रमत)

विधायक संजय पाठक के नेतृत्व में नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजू शर्मा सहित कटनी के जागरूक नागरिकों द्वारा कटनी पुलिस अधीक्षक के नाम पर दिए ज्ञापन में तमिलनाडु के डीएमके नेता एवं विधायक उदयनिधि स्टालिन द्वारा 12 मई को अपने बयान में एक बार फिर सनातन धर्म को खत्म करने की मांग करने पर आपत्ति जताते हुए उदयनिधि स्टालिन के दावे कि सनातन धर्म लोगों को बांटता है कहना अत्यंत आपत्तिजनक, भड़काऊ एवं असंवैधानिक इससे पहले सितंबर 2023 में भी उदयनिधि ने इसी तरह सनातन धर्म की तुलना डेंगू मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारी से की गई थी। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि सनातन धर्म केवल एक धार्मिक व्यवस्था नहीं बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता, संस्कृति, जीवन पद्धति एवं आध्यात्मिक चेतना का आधार है देश और विश्व के करोड़ो लोग सनातन धर्म में आस्था रखते हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधि के रूप में उदयनिधि स्टालिन का इस तरह का वक्तव्य देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय एवं सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाला कृत्य है। उदयनिधि स्टालिन द्वारा बार बार दिए जा रहे इस प्रकार के बयान हिन्दू समाज के प्रतिघृणा उत्पन्न करने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा समाज में वैमनस्य फैलाने की श्रेणी में आता है। एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने के बावजूद उन्होंने जानबूझकर ऐसे शब्दों का प्रयोग करके करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की भावनाएं आहत की है। मेरे जैसे करोड़ों हिंदु नागरिकों को मानसिक पीड़ा पहुंची है तथा समाज में रोष एवं असंतोष की स्थिति उत्पन्न हुई है ऐसे बयान देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक शांति के लिए हानिकारक है। अत: उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए उदयनिधि स्टालिन के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं, धार्मिक भावनाओं को आहत करने, विभिन्न वर्गों के बीच वैमनस्य फैलाने, शांति भंग करने एवं समाज में घृणा फैलाने से संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर तत्काल विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए ज्ञापन कटनी नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजू शर्मा, पार्षद सुमित्रा रावत, शशिकांत तिवारी, प्रभा गुप्ता, अलका पांडे सहित शानू तिवारी, प्रेमलाल, हेमंत चक्रवर्ती सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कटनी में शिक्षा का नवाचार: क्यूआर कोड से अब हर चैप्टर होगा आसान

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में शिक्षा को डिजिटल और सुलभ बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। कलेक्टर आशीष



तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में डाइट कटनी द्वारा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए एक अभिनव व्यवस्था विकसित की गई है। इस पहल के तहत हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों के प्रत्येक चैप्टर के लिए यूट्यूब लिंक एकत्रित कर उनके क्यूआर कोड तैयार किए गए हैं। इन क्यूआर कोड को स्कैन करते ही छात्र और शिक्षक संबंधित पाठ को आसानी से देख, समझ और पढ़ा सकते हैं। डाइट के व्याख्याता राजेन्द्र असाटी ने बताया कि इस नवाचार की खास बात यह है कि जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, वहां भी स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से कक्षाएं संचालित की जा सकेंगी। साथ ही, यदि अभिभावकों को भी इसका उपयोग सिखाया जाए तो बच्चे घर पर भी मोबाइल का सकारात्मक और शैक्षणिक उपयोग कर सकेंगे। डाइट कटनी के प्राचार्य ने सभी जिलों से अपील की है कि इन क्यूआर कोड्स को शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों तक पहुंचाया जाए, ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसका लाभ ले सकें। इस पहल में राज्य शिक्षा केंद्र के ओआईसी विनोद द्विवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी और जिला परियोजना समन्वयक पी.एन. तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

## सेवानिवृत जिला न्यायाधीश केके वर्मा का दु:खद निधन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. यशवंत वर्मा के पिता केके वर्मा का बुधवार की शाम दु:खद निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे और जिला न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने माधव नगर स्थित निज निवास में अंतिम सांस ली। स्वर्गीय वर्मा का अंतिम संस्कार प्रात: 11 बजे नदीपार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में उनके स्नेही सुधि जनो ने हिस्सा लेते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ यशवंत वर्मा, रिटायर्ड हाईकोर्ट जज अनिल वर्मा, डॉ दिलीप वर्मा एवं राजेश वर्मा के पिता और सतना नगर निगम के मेयर योगेश ताम्रकार और डॉ सुनीता वर्मा के ससुर हैं। स्वर्गीय वर्मा के असामयिक निधन से ताम्रकार समाज को अपूर्णीय क्षति पहुंची है और शोक की लहर व्याप्त हो गई।



# जिले में 30 मई तक चलेगा मकान सूचीकरण का कार्य

## जिले के नागरिक प्रगणकों को सही जानकारी देकर राष्ट्रीय जनगणना-2027 में बनें भागीदार

कटनी (स्वतंत्रमत)

राष्ट्रीय जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में मकान सूचीकरण का कार्य 30 मई तक किया जा रहा है। मकान सूचीकरण के लिए जिले में 2010 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं। मकान सूचीकरण कार्य में जिले के 396 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक का कार्य अब तक शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इसके अतिरिक्त 1614 ब्लॉक्स में कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। मकान सूचीकरण कार्य में अब तक जिले की 10 लाख 90 हजार 604 जनसंख्या कवर हो गई है। मकान सूचीकरण के दौरान प्रगणक नागरिकों से कुछ सामान्य और बुनियादी जानकारियां




प्राप्त करेंगे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं। भवन की स्थिति और परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, बुनियादी सुविधाएं जैसे नल कनेक्शन, बिजली, शौचालय/बाथरूम और गैस कनेक्शन, घरेलू संपत्ति जैसे रेडियो/ टीवी, केबल कनेक्शन, साइकिल/मोटर साइकिल/कार, परिवार द्वारा उपयोग किया जाने वाला मुख्य अन्न, इंटरनेट, मोबाइल आदि। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य के दौरान प्रगणक नागरिकों से किसी भी प्रकार के संवेदनशील दस्तावेज या निजी वित्तीय जानकारी की मांग नहीं करेंगे। नागरिक ध्यान रखें कि प्रगणकों द्वारा आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर या बैंक विवरण नहीं पूछा जाएगा। किसी भी प्रकार का ओटीपी साझा करने की आवश्यकता नहीं है। प्रगणक के घर पहुंचने पर नागरिक अपनी संतुष्टि के लिए उनका आधिकारिक पहचान पत्र अवश्य चेक करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे प्रगणकों को सही और सटीक जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा, जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों की आधारशिला होते हैं। इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में हर नागरिक का सक्रिय सहयोग अनिवार्य है। सभी प्रगणक निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने क्षेत्रों में डिजिटल डेटा फीडिंग का कार्य पूर्ण करेंगे, जिससे गणना में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सकेगी।

# बिलहरी रोड पर कार चालक ने ऑटो को मारी ठोकर

## छात्रों से भरे ई-रिक्शा में मची चीख-पुकार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी चौकी अंतर्गत बिलहरी रोड पर कॉलेज जा रहे छात्राओं से भरी ई-रिक्शा ऑटो को पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में ऑटो चालक समेत कई छात्रा घायल हो गए। राहत की बात यह रही कि मौके से गुजर रहे पटवारी ने मानवता दिखाते हुए सभी घायलों को अपनी बुलेरो से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहा सभी का इलाज जारी है। यह पूरा मामला बिलहरी रोड स्थित शारदा फैक्ट्री के सामने का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कॉलेज के छात्राएं ई-रिक्शा ऑटो में सवार होकर गर्ल कॉलेज जा रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में बैठे छात्राएं सड़क पर गिर पड़े और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे बिलहरी में पदस्थ पटवारी



सचिन श्रीवास्तव ने मानवता का परिचय दिया। उन्होंने तत्काल डायल 112 को सूचना दी और अपनी बुलेरो से सभी घायल छात्राओं को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में ऑटो चालक दिनेश यादव निवासी पुरैनी को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं घायल छात्राओं में माया चौधरी निवासी झुकेही, मुस्कान पटेल निवासी झुकेही, कुमकुम रजक निवासी जोबीकला, खुशी विश्वकर्मा निवासी जोबीकला, सीमा यादव निवासी चन्हटा, साधना लोधी निवासी पिपरिया और अंजनी लोधी निवासी पिपरिया शामिल हैं। वहीं हादसे को अंजाम देने वाला अज्ञात कार चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल पूरे मामले की जांच झिंझरी पुलिस कर रही है। अब देखना होगा कि पुलिस फरार कार चालक तक कब पहुंच पाती है और यातायात विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन ने किया होटल रेस्टॉरेंट में निरीक्षण, साफ-सफाई रखने दिए निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला के निर्देश अनुसार जिला महिला इकाई ने किया होटल रेस्टोरेंट का निरीक्षण निरीक्षण के दौरान स्वाद रेस्टोरेंट में खानपान साफ-सफाई एक्सपायरी डेट का मटेरियल का निरीक्षण किया गया कटनी के कई रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया गया वहां पर भी खान-पान का ध्यान दिया जाए और साफ-सफाई रखी जाए कस्टमर को साफ-सफाई खाना खाद पदार्थ में मिलावट न हो स्वच्छ खाना मिले और सभी सुविधाएं उपलब्ध हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए इसी तरह रसोई में जाकर पूरी टीम ने



निरीक्षण किया गया वहां सभी खाना साफ-सफाई से बने लोगों को किसी बात की शिकायत ना आए ना किसी तरह का नुकसान हो और ना एक्सपायरी डेट का मसाला और मिलावट नहीं होना चाहिए इसी बात की हिदायत दी गई यदि किसी प्रकार की भी कोई मिलावट या गंदगी पाई गई तो आगे कार्रवाई की जाएगी और रेस्टोरेंट में वर्कर लोग ही कस्टमर से शालीनता से पेश आए इस दौरान महिला जिला इकाई अध्यक्ष प्रीति सेन, श्वेता अग्रवाल, आशा सुहाने, शशि शुक्ला, रिचा बाजपेई, अमन सुहाने की उपस्थिति रही।

## बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों उत्कृष्ट प्रदर्शन, विद्यालय में खुशी की लहर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विगत दिवस सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्सुकता देखने को मिल रही थी। विद्यार्थी जीवन को परीक्षा का जीवन कहा जाता है, जिसमें बोर्ड परीक्षा का महत्व सबसे अलग होता है। यदि विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करता है, तो उसकी प्रशंसा हर ओर होती है। इसी क्रम में वाणिज्य संकाय में आख्या जैन 92.4 प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय, श्रुति जैन 87.4 प्रतिशत तृतीय, शोभनी राय 83.2 प्रतिशत पर रहे। इसी क्रम में ह्यूमैनिटीज संकाय में सिद्धि गुप्ता 92 प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में शिवम गुलाब सिंह 79.2 प्रतिशत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अध्ययन पटेल द्वितीय 78 प्रतिशत, अरमान अख्तर 75 प्रतिशत तृतीय, स्थान पर रहे। बच्चों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रनीप श्रंपद ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षक वृंद को हार्दिक बधाइयाँ दीं तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट को लेकर निगम प्रशासन सख्त

कटनी (स्वतंत्रमत)

नगरपालिक निगम कटनी द्वारा शहर में निर्माण एवं निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन को लेकर सख्ती बरतना शुरू कर दिया गया है। निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि निर्माण कार्यों के दौरान निकलने वाले मलबे, ईंट, कंक्रीट, मिट्टी, पत्थर, टाइल्स एवं अन्य निर्माण अपशिष्ट को सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं खुले स्थानों पर डालना पूर्णत: प्रतिबंधित है। जारी आदेश में निर्देशित किया गया है कि निर्माण एवं विध्वंस



अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत निर्माण एजेंसियों, भवन निर्माताओं एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण स्थल को चारों ओर से टीन शेड, ग्रीन नेट अथवा कपड़े से ढंकना अनिवार्य होगा, ताकि निर्माण सामग्री एवं धूल आसपास के क्षेत्र में न फैले। साथ ही निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का उचित एवं वैज्ञानिक तरीके से निपटान सुनिश्चित करना होगा। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भी निर्माण स्थल से उत्पन्न मलबा सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर पाया गया तो संबंधित एजेंसी अथवा व्यक्ति के विरुद्ध मध्यप्रदेश राजपत्र 28 सितंबर 2020 में प्रकाशित अधिसूचना के प्रावधानों के अंतर्गत अर्थदंड एवं विभिन्न नियमों के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने सभी निर्माण एजेंसियों, भवन निर्माताओं एवं संबंधित संस्थाओं से आग्रह किया है कि वे पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निर्माण अपशिष्ट के प्रबंधन संबंधी नियमों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करें।

## जेपीवी डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा में लहराया परचम

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में जेपीवी डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के कुल 104 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता दर्ज कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने एक बार फिर श्रेष्ठ परिणाम प्रस्तुत किया। विद्यालय की छात्रा अनुष्का पौराणिक ने कला एवं वाणिज्य संकाय में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एंजिल लालवानी ने 95.8 प्रतिशत तथा आर्या कटारे ने विज्ञान संकाय में 94.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में भी विशेष उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। आर्या कटारे एवं एंजिल लालवानी ने पेंटिंग विषय में तथा तिथि अग्रवाल ने एकाउंटेंसी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर कटनी जिले में सर्वाधिक अंक अर्जित करते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य 8 विद्यार्थियों ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।



### ➤ समारोह की अध्यक्षता करेंगे कुलाधिपति

## रादुविवि में दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । रादुविवि के 36वें दीक्षांत समारोह का आयोजन जून 2026 में होना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी औपचारिक प्रक्रिया शुरू करते हुए मध्यप्रदेश के राज्यपाल और कुलाधिपति मंगुभाई पटेल को आमंत्रित किया है। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने राजभवन पहुंचकर महामहिम को निमंत्रण पत्र सौंपा और समारोह की अध्यक्षता करने का आग्रह किया। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य मई 2026 तक सभी प्रारंभिक तैयारियों को पूरा करना है, ताकि राज्यपाल की ओर से तिथि निर्धारित होते ही कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा सके।

### ➤ सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

## निगमायुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। नगर निगम आयुक्त ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया और सफाई, जल आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। निगमायुक्त ने अपने भ्रमण की शुरुआत रामपुर शंकर शाह नगर से की, जिसके बाद वे मंडवा बस्ती और सिविल लाइन क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने गलियों और मुख्य मार्गों पर साफ-सफाई के स्तर को बारीकी से देखा। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने पाया कि सफाई व्यवस्था सड़कों पर कचरे का अभाव दिखा और सफाई मित्र मुस्तैदी से अपना कार्य करते पाए गए। पेयजल वितरण की स्थिति का अवलोकन करने पर पाया गया कि नागरिकों को निर्धारित समय पर पानी मिल रहा है।







# कृष्णाश्रय में 'वासांसि जीर्णानि' नाटक का हुआ शानदार मंचन

## मदर्स-डे पर सभी माताओं को वितरित किए गए प्रमाण-पत्र

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मदर्स-डे के अवसर पर कृष्णाश्रय के निवासियों के साथ समारोह मनाया गया। इस मौके पर सभी माताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समारोह के दौरान 'वासांसि जीर्णानि' नाटक का शानदार मंचन किया गया। समागम रंगमंडल द्वारा प्रस्तुत नाटक 'वासांसि जीर्णानि' का निर्देशन स्वाति दुबे, कला निर्देशक आशीष पाठक और कहानी लेखक महेश एल्कुंचवार हैं। इस नाटक में स्वाति दुबे, परेश तिवारी तथा उत्सव होंडे ने अभिनय किया।

'वासांसि जीर्णानि' शीर्षक भगवद्गीता के श्लोक से लिया गया है, 'जैसे मनुष्य पुराने वस्त्र त्याग कर नए धारण करता है, वैसे ही आत्मा पुराना शरीर छोड़कर नया लेती है।'

यह नाटक मृत्यु को अंत नहीं, बल्कि परिवर्तन और आत्मा की निरंतर यात्रा के रूप में प्रस्तुत करता है। नाटक में बाबा नामक केंद्रीय पात्र एक वृद्ध व्यक्ति है जो अपने जीवन की स्मृतियों, रिश्तों और अधूरी भावनाओं से जूझते हुए मृत्यु की ओर बढ़ता है। पत्नी, बेटे, बेटी और रिश्तेदारों के साथ उसके संबंधों में मोह, दूरी और जिम्मेदारी का मिश्रण दिखता है। बाबा बार-बार 'बन्धु' पुकारते हैं, पर कोई उत्तर नहीं मिलता-यह संकेत है कि मृत्यु की यात्रा अंततः अकेले ही करनी पड़ती है। यह नाटक जीवन की अस्थिरता, मृत्यु की अनिवार्यता और आत्मा की निरंतरता पर केंद्रित है। यह दर्शकों को गहन आत्मचिंतन और आध्यात्मिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। कुल मिलाकर नाटक 'वासांसि जीर्णानि' जीवन और मृत्यु के बीच आत्मा की यात्रा, परिवारिक रिश्तों की जटिलता और अकेलेपन की सच्चाई को उजागर करता है।

## हितकारिणी समर कैंप: विद्यार्थियों ने सीखी सेल्फ डिफेंस की तकनीक

### आज होगा कैंप का समापन समारोह



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी सभा विद्या परिषद द्वारा आयोजित समर कैंप में गुरूवार छात्र-छात्राओं को श्री नागेश राव एवं उनकी टीम के द्वारा सेल्फ डिफेंस-मार्शल आर्ट की जानकारी तथा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने बताया की किस तरह से छात्राएं किसी मुश्किल के समय अपने आप को बचाने के लिए, सेल्फ डिफेंस के माध्यम से बचाव कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि सेल्फ डिफेंस एवं मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग, हर विद्यालय में छात्राओं को दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर महाकौशल क्रीडा परिषद के संस्थापक प्रशांत मिश्रा एवं विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर तथा हितकारिणी बीटी तिराहा की प्राचार्य स्नेह लता श्रीवास्तव तथा दिनेश सिंह, राजीव श्रीवास्तव, शेखर खम्परिया, खुशबू मार्को, अंजली शर्मा, दिनेश झरिया एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। सेल्फ डिफेंस के अलावा हितकारिणी द्वारा संचालित योग केंद्र की छात्राओं द्वारा योग का प्रदर्शन किया गया, जिससे छात्र-छात्राओं तथा उपस्थित स्टाफ में योग के प्रति रुचि जागृत हो सके। 15 मई को समर कैंप का समापन समारोह हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज के हाल में आयोजित किया गया है।

## युवती का रुपयों और जेवर भरा हैंडबैग ले उड़े बदमाश

### मदनमहल स्टेशन के बाहर ओवर ब्रिज पर वारदात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गोटेगांव से मदनमहल स्टेशन पहुंची एक युवती का बीती रात बाईक सवार दो बदमाश हैण्डबैग झपट्टा मारकर ले उड़े। बैग में युवती के एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, कुछ जेवर और नगदी पंद्रह हजार रुपये रखे हुए थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

मदनमहलपुलिस ने बताया कि रेवती सिलावट उर्फ रेखा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कंजई थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर इंदौर में खजुरी बजार सुभाष चौक में वीणा प्रकाश के नाम से पुस्तककी दुकान चलाती है। बीती रात गोटेगांव से विंध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन से मदनमहल स्टेशन उतरी। जिसके बाद वह अपना सामान एवं कत्थाई रंग का रेगजीन का हेंड बैग लेकर प्लेट फार्म नम्बर-4 के बाहर ओवर ब्रिज के नीचे खड़े होकर अपने भाई हरेन्द्र पटेल का इंतजार कर रही थी। उसी समय रात्रि करीब नौ बजे दो अज्ञात लड़के काले रंग की स्पेलेण्डर मोटर सायकल में मदनमहल स्टेशन की ओर से आये और उसके बाजू में टंगा कत्थाई रंग का रेगजीन का हेंड बैग, जिसमें आधारकार्ड, पेन कार्ड, 2 एटीएम एक्सिस बैंक, 2 एटीएम एचडीएफसी बैंक के, ड्रायविंग लाईसेंस, कान के बाला, चैन, चांदी की पायल तथा नगदी 15 हजार रूपये रखे थे झपट्टा मार कर हेंड बैग लेकर लिंक रोड की तरफ भाग गये। उसने आवाज लगाई तब तक लड़के काफी दूर निकल गये, जिस कारण वह गाड़ी का नंबर नहीं देख पायी। दोनों आरोपी कपड़े से अपने मुंह को बांधे हुए थे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।



## शहर के विकास को रफ्तार देने करेंगे हर संभव प्रयासः संदीप जैन

### जेडीए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर विकास प्राधिकरण को आखिरकार सात साल के लंबे अंतराल के बाद अपना नया मुखिया मिल गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप जैन ने गुरुवार को विधि-विधान के साथ अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में विनोद मिश्रा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से यह महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़ा था, जिससे शहर की कई बड़ी विकास परियोजनाएं फाइलों में दबी हुई थीं। सिविक सेंटर स्थित जेडीए कार्यालय में आयोजित इस पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सत्ता और संगठन का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, महापौर जगत बहादुर अन्नू, और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई समेत शहर के तमाम विधायक और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### रुकी हुई योजनाओं पर रहेगा फोकस

कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए संदीप जैन ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शहर का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में जेडीए अब अधिक सक्रियता से जनहित के प्रोजेक्ट्स पर काम करेगा।लंबे समय तक अध्यक्ष न होने के कारण जेडीए की कई आवासीय और इंफ्रास्ट्रक्चर योजनाएं प्रभावित हुई थीं। अब नए अध्यक्ष की नियुक्ति से उम्मीद जताई जा रही है कि शहर के विस्तार और लंबित प्रोजेक्ट्स को समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सकेगा। समारोह में विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, अजय विश्नोई, महापौर जगत बहादुर अन्नू, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोटिया और भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर आदि अन्य उपस्थित रहे।

## कुएं से समर्शियल पंप सेट चुरा ले गये चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थानातंर्गत केशव सिटी कालोनी के कुएं से विगत 11 मई की रात्रि अज्ञात चोर समर्शियल पंप चेट चुरा ले गये। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त कालोनी का चौकीदार रविशंकर कुशवाहा गहरी नींद में सोया हुआ था। सुबह पंप चोरी होने से पूरी कालोनी में हड़कंप मच गया। जिसके बाद चौकीदार रविशंकर ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी।

# रंजिश पर युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

### गोहलपुर की समता कालोनी में वारदात, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर थानातंर्गत समता कालोनी में बीती रात तीन बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट करते हुए चाकूओं से गोदकर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलने पर जब उसकी मॉ मौके पर पहुंची तो युवक खून से लथपथ सड़क किनारे पड़ा था, जिस पर उसकी मॉ ने मदद की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। जिसके बाद उसने अपने परिचित के लोगों को बुलाया, जो उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।



**गले में आई गंभीर चोट**-पुलिस को अम्बेडकर कालोनी निवासी 50 वर्षीय ममता वीरानी ने बताया कि वह खाना बनाने का काम करती है। बीती रात जब वह घर पर थी। उसी समय उसके बेटे भावेश के दोस्त आयुष सोनी ने फोन पर बताया कि भावेश को समता कालोनी में शिवा चौधरी एवं आयुष रजक, अरूण ने चाकू मार दिया है। सूचना पाकर ममता भागकर मौके पर पहुंची। जहां उसका बेटा उसका बेटा भावेश उर्फ पप्पू रोड पर खून से लथपथ हालत में पड़ा था। ममता ने अपने बेटे की मदद के लिये लोगों से गुहार लगाई, लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। जिसके बाद उसने अपने परिचित के प्रमोद और प्रकाश को बुलाया। जिनकी मदद से वह अपने बेटे को लेकर समीप के अस्पताल पहुंची। जहां से भावेश को मेडिकल रेफर किया गया।

**मेडिकल पहुंचने से पहले तोड़ा दम** - जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत भावेश को मृत घोषित कर दिया। मृतक की मॉ ममता ने पुलिस को बताया कि शिवा चौधरी, आयुष रजक व अरूण ने मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर चाकुओं से हमला कर उसके बेटे भावेश वीरानी उर्फ पप्पू की हत्या की है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

### इन्होंने कहा

आरोपियों की गिफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रहीं है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**रीतेश पाण्डेय, थाना प्रभारी गोहलपुर**






## आरटीओ चालान के नाम से हो रही धोखाधड़ी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों को व्हाट्सएप पर प्रसारित हो रहे एक नए साइबर खतरे को लेकर विशेष चेतावनी जारी की है। वर्तमान में विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों और व्यक्तिगत संदेशों के माध्यम से आरटीओ चालान एपीके नाम की एक संदिग्ध फाइल तेजी से भेजी जा रही है। यह वास्तव में एक मालवेयर डिलीवरी अटैक है , जिसमें हमलावर सरकारी दस्तावेजों या आरटीओ चालान के नाम का सहारा लेकर लोगों के मोबाइल फोन का एक्सेस हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिज्ञासावश इस फाइल को डाउनलोड करना आपके डिवाइस और व्यक्तिगत डेटा को पूरी तरह असुरक्षित बना सकता है, क्योंकि यह सॉफ्टवेयर बिना किसी ओटीपी या लॉगिन के आपके फोन का कंट्रोल हैकर्स को सौंपने में सक्षम है। इस खतरे से सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान नंबर से आए संदेशों पर भरोसा न करें और अपने व्हाट्सएप की सेटिंग्स में जाकर मीडिया ऑटो-डाउनलोड विकल्प को तुरंत बंद कर दें। यदि किसी यूजर को किसी अनजान नंबर से क्या आप इस व्यक्ति को जानते हैं।













हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**